

हिन्दी दैनिक

R.N.I. NO. UPHIN/2013/55150

# लखनऊ का अभिमान

लखनऊ,अयोध्या,गोण्डा, बाराबंकी, सुल्तानपुर, उन्नाव, कानपुर, सीतापुर, हरदोई से एक साथ प्रसारित।

हर खबर पर नजर, नगर-नगर, डगर-डगर



वर्ष : 09 अंक :312 लखनऊ शनिवार 18 मई 2024 पृष्ठ- 08 मूल्य- 2.00 रूपया

### मुख्यमंत्री योगी की जनता से अपील

## रामद्रोहियों, राष्ट्रविरोधियों की जमानत जब्त करा दो




**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न बलरामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव रामद्रोहियों और रामभक्तों का है। उन्होंने सपा व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया।**

**रेहरा बाजार (बलरामपुर)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ ने गोंडा संसदीय क्षेत्र के उतरौला विधान सभा के इटवा गांव में जनसभा कर सपा व कांग्रेस पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने लोगों से कहा कि राम द्रोहियों, राष्ट्र विरोधियों और हमारे मंदिरों पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमे वापस लेने वालों, राम भक्तों पर गोली चलाने वालों की जमानत जब्त करा दो। उन्होंने कहा कि अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त हुआ। रामलला विराजमान हुए, रामलला का मंदिर बनना चाहिए, इसकी रणनीति बलरामपुर जनपद में ही बनी थी। इसलिए आपका रामलला पर सबसे ज्यादा अधिकार है। क्या सपा यह काम कर पाती? उन्होंने कहा कि चार चरणों में 285 लोकसभा सीटों पर अब तक चुनाव हुए हैं और मुझे नौ राज्यों में जाने का अवसर मिला है। चारों ओर एक ही नारा है फिर एक बार मोदी सरकार... अबकी बार 400 पार। 400 पार की बात करते हैं तो लोग कहते हैं कि कैसे होगा, जनता कहती है कि जो राम को लाएं हैं, हम उनको लाएंगे। समाजवादी पार्टी व कांग्रेस के लोग राम द्रोही हैं, राम के विरोधी तो हैं ही राष्ट्र विरोधी हैं, समाज को जाति के नाम पर लड़ाने वाले हैं, यह चुनाव रामद्रोही व रामभक्तों के बीच हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर साहब का अपमान करने वाले हैं, आरक्षण में सेंध लगाना चाहते हैं। तुष्टीकरण की नीति पर चल करके भारत के अंदर इनके द्वारा जो खेल खेला जा रहा है। वह भारत को अस्थिरता व अराजकता की ओर धकेल देगा। यह वही लोग हैं, जिन्होंने भारत के सामने, नौजवानों व नागरिकों के सामने पहचान का संकट खड़ा किया था। कांग्रेस की सरकार में भ्रष्टाचार के कारनामे रोज आते थे। सुबह उठते ही पहला समाचार भ्रष्टाचार का देखने को मिलता था, सायंकाल होते- होते आतंकी वारदात की खबर आती थी। उन्होंने कहा कि गोंडा जिले में खाद्यान्न घोटाला समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ था। इन लोगों ने गरीबों के राशन पर डकैती डाली, नौजवानों की नौकरी पर डकैती डाली। इनके बेटी और व्यापारी की सुरक्षा खतरे में पड़ी थी, देश के अंदर अराजकता का वातावरण पैदा हुआ था। यह लोग भारत के विकास को बाधित करने वाले हैं। गरीबों का राशन हड़पने वाले अब आटा-डाटा देने की बात करते हैं। इनका विश्वास मत करना। दूसरी तरफ मोदी के नेतृत्व में रामभक्तों की टीम खड़ी है। रामभक्तों के लिए देश सर्वोपरि है। जनता जर्नादन की सेवा महत्वपूर्ण है। रामभक्तों के लिए आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाना ही महत्वपूर्ण है इसलिए रामभक्तों में एक झटके ने देश के अंदर आतंकवाद, नक्सलवाद की समस्या का समाधान किया। दुनिया के अंदर भारत का सम्मान भी बढ़ाया है।

### 'बुंदेलखंड को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाती थी सपा-कांग्रेस सरकारें'

## यह वीरता और विकास की धरती :पीएम



**प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारे कल्याण सिंह जी देश के महान नेता थे, उन्होंने पिछड़ों का सम्मान बढ़ाया। लेकिन जब उनका निधन हुआ तो सपा के मुखिया उन्हें श्रद्धांजलि देने तक नहीं गए। हमारे कल्याण सिंह जी रामभक्त थे, उन्होंने राम मंदिर के लिए अपनी सरकार बलिदान कर दी थी।**

**हमीरपुर**। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि बुंदेलखंड के लोग राष्ट्रहित के लिए सबसे आगे खड़े होने वाले लोग हैं। जिसको 4 जून के नतीजे जानने हो, वो बुंदेलखंड के ये दृश्य देख लें। उन्होंने लोगों से कहा कि आज मैं आपको सपा और कांग्रेस से सावधान करने के लिए आया हूं। सपा-कांग्रेस आपका वोट तो ले लेते हैं, लेकिन सरकार में आने के बाद ये सौगात उनको बांटते हैं, जो उनके लिए वोट जिहाद करता है। उन्होंने कहा कि इस बार तो सपा-कांग्रेस ने चुनाव से पहले ही इरादे साफ कर दिए हैं। कांग्रेस कह रही है कि वो सबकी संपत्ति की जांच कराएगी। फिर वो आपकी संपत्ति में से एक हिस्सा, उनके लिए वोट जिहाद करने वाले वोटबैंक को दे देंगे। मोदी ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने धर्म के आधार पर आरक्षण का घोर विरोध किया था और संविधान सभा ने भी तय किया था कि हमारे देश में कभी भी धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, जहां कांग्रेस सरकार है, वहां ये लोग दलितों और पिछड़ों का आरक्षण कम करके मुसलमानों को दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब ये लोग संविधान बदलकर रउ- का पूरा आरक्षण मुस्लिमों को देना चाहते हैं। मैंने समाजवादी पार्टी से कहा था कि आप तो पिछड़ों की राजनीति करते हो, पिछले दरवाजे से पिछड़ों का आरक्षण लूटने का जो जाल बिछाया जा रहा है, जरा उसका विरोध तो कीजिए।

### गांधी परिवार के गढ़ में शाहकी हुंकार

## मोदी की झोली में जाने वाली हैं अमेठी और रायबरेली सीट

**अमेठी।** गांधी परिवार के गढ़ अमेठी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के 70 साल के बाद नरेन्द्र मोदी जी ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की है। ये कांग्रेस वाले कहते हैं कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ढंग से नहीं हुई। लेकिन, मेरी बात याद रखना अगर ये इंडी अलायंस वाले आ गए, तो ये राम मंदिर पर फिर से बाबरी ताला लगा देंगे। उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस पार्टी और इंडी अलायंस परिवारवादी गठबंधन है। ये सिर्फ अपने परिवार की सोचते हैं। शाह ने कहा कि लालू जी अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, ममता जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया जी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। वो कह रहे हैं कि रायबरेली और अमेठी की सीट हमारे परिवार की सीट हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि इन्हें किसने




विरासत में दी ये सीट? उन्होंने कहा कि मणिशंकर अय्यर और फारुख अब्दुल्ला कहते हैं कि ढङ्क्ष की बात मत करो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। मैं आज यहां से कहकर जाता हूं, आपको डरना है तो डरिये, लेकिन ये भारत का है, रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि जो परिवार की सीट कहते हैं, उनकी लोकसभा में 70 साल से कलेक्टर ऑफिस नहीं था। 2018 में वहां कलेक्टर ऑफिस की नींव डालने का काम योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्तर प्रदेश से गुंडों को चुन-चुनकर साफ करने का काम योगी आदित्यनाथ जी ने किया है। अमित शाह ने कहा कि अमेठी और रायबरेली सालों से गांधी परिवार को अपना नेता मानते रहे। मगर उन्होंने कभी इन्हें अपना नहीं माना। यहां कम से कम 600 लोग अलग अलग दुर्घटना में मारे गए, लेकिन सोनिया जी मिलने नहीं आई। उन्होंने कहा कि जन प्रतिनिधि ऐसा चुनिए जो आपके काम आए। स्मृति ईरानी जी मुंबई से आई है, 2014 में जब मैं यहां उनके प्रचार में आया, तो मुझे लगा कि यहां स्मृति ईरानी जी क्या करेंगी। तब उन्होंने कहा कि अमित भाई, मैं यहां घर बनाउंगी और यहीं रहूंगी। आज उन्होंने गौरीगंज में घर भी बना लिया है और वहीं रहती हैं।

### बदसलूकी मामले में कथित वीडियो पर भड़कीं मालीवाल

## 'राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी' :मालीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ बदसलूकी मामले में अब एक नया वीडियो सामने आया है। मालीवाल 52 सेकंड के वीडियो में मुख्यमंत्री के आवास में सुरक्षाकर्मियों से बहस करती नजर आ रही हैं। हालांकि, इस वीडियो की अभी तक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं मामले का वीडियो सामने आने के बाद अब स्वाति मालीवाल का पहला



रिएक्शन भी सामने आया है। केजरीवाल के सहयोगी विभव कुमार ने मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर सोमवार को मालीवाल पर कथित तौर पर हमला किया था। दिल्ली पुलिस ने बृहस्पतिवार को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की और कुमार को आरोपी बनाया। आम आदमी पार्टी (आप) की सांसद स्वाति मालीवाल ने शुक्रवार को कहा कि मुख्यमंत्री आवास पर उनके साथ हुयी बदसलूकी में आरोपी को बचाने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री आवास के अंदर के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने आ जायेगा। मालीवाल ने शुक्रवार को बिना किसी का नाम लिये कहा कि घटना का आधा-अधूरा वीडियो डालकर अपराध करने वाले को बचाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा ,ह्लहर बार की तरह इस बार भी इस राजनीतिक हिटमैन ने खुद को बचाने की कोशिशें शुरू कर दी हैं। बिना संदर्भ का आधा वीडियो चलाकर इसे लगता है ये इस अपराध को अंजाम देके खुद को बचा लेगा। कोई किसी को पीटते हुए वीडियो बनाता है भला? घर के अंदर और कमरे के सीसीटीवी फुटेज की जांच होते ही सत्य सबके सामने होगा।

### जमुई में सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत तीन की मौत

**जमुई।** बिहार में जमुई जिले के चंद्रमंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में जुड़वा भाई-बहन समेत




तीन लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बसबुटिया गांव के पास तेज रफ्तार कार सड़क किनारे पेड़ से टकरा गयी। इस दुर्घटना में कार पर सवार जुड़वा भाई-बहन समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, वहीं छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को देवघर अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक महिला को इलाज के लिये जमुई भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान नागेन्द्र कुमार के पुत्र अभिनंदन (05) और नंदनी कुमारी (05) के रूप में की गयी है।

### नागरिकों की स्वतंत्रता के मामलों में हर एक दिन मायने रखता है : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय को दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में एक व्यवसायी की



नियमित जमानत याचिका पर फैसला करने का निर्देश देते हुए शुक्रवार को कहा कि नागरिकों की स्वतंत्रता से संबंधित मामलों में हर एक दिन मायने रखता है। दिल्ली आबकारी नीति अब रद्द की जा चुकी है। व्यवसायी अमनदीप सिंह ढल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि याचिकाकर्ता की नियमित जमानत याचिका पर उच्च न्यायालय ने 40 बार सुनवाई की है और अब मामले को आठ जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

## हम महिलाओं को लखपति बनायेंगे, बीजेपी शोर मचायेगी तो दो लाख कर देंगे: राहुल



**अमेठी।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज अमेठी में संयुक्त रूप से जनसभा की। जनता को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि भाजपा के लोगों ने सेना के लिए अग्निवीर लागू किया है। अगर फिर से सत्ता में आ गए तो पुलिस की नौकरी में भी अग्निवीर लागू हो जाएगा।उन्होंने जनता से अपील की है कि जब वोट करने जाना तो बेरोजगारी व महंगाई को ध्यान रखना। वहीं अमेठी के निवर्तमान सांसद और रायबरेली से लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने भाषण में अमेठी से अपने रिश्ते को याद किया और कहा कि जब मैं 12 साल का था तब पहली बार अमेठी आया था। मेरा तब से अमेठी से रिश्ता है। उन्होंने जनता से कहा कि आप ये मत सोचिए कि मैं रायबरेली से लड़ रहा हूं। मैं अमेठी का हूं और अमेठी का ही रहूंगा। उन्होंने संविधान की किताब दिखाते हुए कहा कि यह चुनाव आम चुनाव नहीं है। यह चुनाव संविधान बचाने का है। भाजपा के लोगों ने खुलकर कहा है कि वो अगर फिर से सत्ता में आ गए तो संविधान को बदल देंगे। संविधान खत्म हुआ तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। पब्लिक सेक्टर की नौकरियां खत्म हो जाएंगी। इस संविधान की रक्षा करने की है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा कि सब एक जैसे नहीं हो सकते हैं। वो देश में गरीबी बनाए रखना चाहते हैं। मोदी ने अमीरों का कर्ज माफ कर दिया है पर गरीबों की बात नहीं करते हैं। राहुल गांधी ने कहा मोदी ने कुछ उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है। हमारी सरकार आई तो हम महिलाओं का लखपति बनाएंगे। हर साल महिलाओं के खाते में एक लाख रुपये देंगे और अगर भाजपा के लोग ज्यादा शोर करेंगे तो हम इसे दो लाख रुपये कर देंगे।

## समाजवादी शहजादे ने एक नई बुआ की शरण ली है... बाराबंकी में PM मोदी ने अखिलेश पर कसा तंज बाराबंकी में मोदी ने कहा कि समाजवादी शहजादे की की बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी

**सीएम योगी सहित बाराबंकी लोकसभा से प्रत्याशी राजरानी रावत और मोहनलालगंज के लोकसभा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर सहित बीजेपी के बड़े नेता रहे मंच पर।**

ब्यूरो चीफ फहीम सिद्दीकी

बाराबंकीरूयूपी के बाराबंकी लोकसभा सीट व मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर चुनाव प्रचार करने आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव और ममता बनर्जी पर जोरदार प्रहार बोला है। उन्ह्होंने कहा कि विपक्षी रोज मुझे गाली देकर सो जाते हैं। उनका मापदंड है कि मोदी को कितनी गाली दे सकते हैं। यहां जो बबुआ जी यानी समाजवादी शहजादे हैं, अब उन्होंने एक नई बुआ की शरण ली है। उनकी ये नई बुआ बंगाल में है। अब उनकी बंगाल वाली बुआ जी ने इंडी गठबंधन वालों को कहा है कि मैं आपको बाहर से सपोर्ट करूंगी। इंडी गठबंधन की एक और पार्टी ने दूसरी को कह दिया है कि खबरदार अगर हमारे खिलाफ पंजाब में बोला। पीएम पद को लेकर भी ये सब मुंगेरी लाल को भी पीछे छोड़ रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि इनके सपनों की इंतहा देखिए, कांग्रेस के एक नेता ने कहा दिया कि रायबरेली के लोग प्रधानमंत्री चुनेंगे। ये सुनते ही समाजवादी शहजादे का दिल ही टूट गया, बस आंसू नहीं निकले, लेकिन दिल के सारे अरमान बह गए। पीएम मोदी ने कहा आपको काम करने वाले और आपका भला करने वाले सांसद चाहिए। 5 साल मोदी को गाली देने वाले नहीं, क्षेत्र का विकास करने वाले सांसद चाहिए। इसके लिए आपके पास एक ही विकल्प है – कमल। सीएम योगी ने कहा यूपी मे 80 मे 80 सीटो पर कमल खिल रहा है सीएम योगी ने कहा कि देश में पिछले 10 वर्षों में हुए विकास कार्यों को देखते हुए देश के आमजन ने एक बार फिर मोदी सरकार के विजय श्री के साथ खुद को जोड़ा है। ऐसे में हमें बाराबंकी और मोहनलालगंज समेत उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में अपना योगदान देना है मुख्यमंत्री योगी आदित्य्यनाथ ने कहा कि देश में अब तक चार चरणों के चुनाव संपन्न हो चुके हैं जबकि तीन चरण बाकी हैं। इसके बावजूद पूरे देश की जनता जनार्दन 4 जून के परिणाम को लेकर पहले से ही आश्वस्त है। वह जानते हैं कि इस बार भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही जीत होगी। यही वजह है कि पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा गूंज रहा है। यह उद्घोष अब जनघोष बन गया है। यह पूरे देश में कांग्रेस और इंडी गठबंधन के विभाजनकारी तुष्टीकरण और अराजकता की नीतियों के खिलाफ देश की आम जनमानस की उद्घोषणा का शंखनाद है




सपा–कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए गए, तो राम मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे सभा में मौजूद भीड़ में मौजूद लोगों से पीएम मोदी ने पूछा कि 100 ब के इंजन से आप 1,000 ब की रफ्तार ले सकते हैं क्या? आपको विकास की तेज रफ्तार चाहिए तो वो सिर्फ दमदार सरकार ही दे सकती है। भाजपा सरकार ही दे सकती है। सपा कांग्रेस राम मंदिर बनने का कर रही विरोध यहां सपा नेता ने रामनवमी के दिन कहा कि राम मंदिर तो बेकार है। वहीं, कांग्रेस तो राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने की तैयारी कर रही है। इनके लिए सिर्फ अपना परिवार और पावर ही मायने रखते हैं। सपा–कांग्रेस वाले अगर सरकार में आए, तो रामलला को फिर से टेंट में भेजेंगे और मंदिर पर बुलडोजर चलवा देंगे। सपा कांग्रेस के लिए विशेष वोटबैंक से बड़ा कुछ नहीं हैश पीएम ने कहा कि सपा–कांग्रेस के लिए अपने वोटबैंक से बड़ा कुछ नहीं है। लेकिन, जब मैं इनकी पोल खोलता हूं, तो ये बेचैन हो जाते हैं, इनकी नींद हराम हो जाती है। ये कुछ भी बोलना शुरू कर देते हैं, गालियां देना शुरू कर देते हैं। जब संविधान बना, तब संविधान सभा ने निर्णय किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन, 10 साल पहले इन लोगों (कांग्रेस) ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की थीं। कर्नाटक में तो इन्होंने ये कर भी दिया है। वहां इन्होंने सब मुसलमानों को रातों–रात व्ठब बना दिया। व्ठब को मिले आरक्षण में से बहुत बड़ा हिस्सा इन्होंने वहां लूट लिया। लालू यादव का नाम लिए बगैर बोला हमला बिहार में लालू यादव परिवारवाद और भ्रष्टाचार में लिफ्ट आज खा रहे हैं जेल की हवा जनता ने नकार दिया मोदी ने लालू यादव पर भी हमला बोला। उन्ह्होंने कहा कि बिहार के इनके चारा घोटाले के चौंपियन, जो अभी जेल से तबियत के बहाने बाहर घूम रहे हैं। वो तो यहां तक कह रहे हैं कि पूरा का पूरा आरक्षण अब मुसलमानों को मिलना चाहिए। इसका मतलब दलित, आदिवासी और पिछड़ों के पास कुछ बनेगा ही नहीं। सपा–कांग्रेस तुष्टिकरण के आगे घुटने टेक चुकी है। और मोदी जब इनकी सच्चाई देश को बता रहा है तो ये कहते हैं कि मोदी हिंदू मुसलमान कर रहा है। जिस वोट बैंक के पीछे ये लोग भागते हैं, वो भी अब इनकी सच्चाई समझने लगे हैं। तीन तलाक कानून से खुश हमारी माताएं–बहनें भाजपा को लगातार आशीर्वाद दे रही है। किसान नेता तिरंगा महाराज सैकड़ो किसानों को लेकर पहुंचे पीएम मोदी की सभा में पीएम मोदी की रैली में जन सैलाब देखने को मिला बाराबंकी के चारों तरफ भाजपा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा पीएम मोदी की रैली में विधायक योगेश शुक्ला जिलाध्यक्ष श्री कृष्णा लोधी जगदम्बा त्रिपाठी व विधानसभा बीकेटी के सक्रिय कार्यकर्ता किसान नेता दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज सैकड़ो किसानो के साथ पीएम मोदी को सपोर्ट करने बाराबंकी पहुँचे।

# सम्पादकीय

## शिवाजी महाराज के शासनकाल की आर्थिक नीतियां

शिवाजी महाराज के राज्य में प्रारम्भिक काल में व्यापार बहुत कम मात्रा में होता था और राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। इस राज्य में उस समय चौथ एवं सरदेशमुखी, यह दो प्रकार के कर प्रचलन में थे। इतिहास के किसी भी खंडकाल में भारतीय सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए किए गए समस्त प्रकार के कार्यों में सफलता निश्चित मिलती आई है। ध्यान में आता है कि भारतीय आर्थिक दर्शन भी सनातन संस्कृति के अनुरूप ही रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज भी हमारे वेदों एवं पुराणों में वर्णित नियमों के अनुसार ही अपने राज्य में आर्थिक नीतियों का निर्धारण करते थे। अपनी रियासत के नागरिकों को किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं हो और वे परिवार सहित अपने लिए दो जून की रोटी की व्यवस्था आसानी से कर सकें, इसका विशेष ध्यान आपके शासनकाल में रखा जाता था। उस खंडकाल में नागरिकों के लिए रोजगार हेतु कृषि क्षेत्र ही मुख्य आधार था। कृषि गतिविधियों के साथ साथ पशुपालन कर ग्रामों में निवासरत नागरिक अपने एवं अपने परिवार का भरण पोषण सहज रूप से कर पाते थे एवं अति प्रसन्नचित तथा संतुष्ट रहते थे, हालांकि कालांतर में व्यापार एवं उद्योग को भी बढ़ावा दिया जाने लगा था। विश्व के कई भागों में सभ्यता के उदय से कई सहस्त्राब्दी पूर्व, भारत में उन्नत व्यवसाय, उत्पादन, वाणिज्य, समुद्र पार विदेश व्यापार, जल, थल एवं वायुमार्ग से बिक्री हेतु वस्तुओं के परिवहन एवं तत्संबंधी आज जैसी उन्नत नियमावलियां, व्यवसाय के नियमन एवं करारोपण के सिद्धांतों का अत्यंत विस्तृत विवेचन भारत के प्राचीन वेद ग्रंथों में प्रचुर मात्रा में मिलता है। प्राचीन भारत में उन्नत व्यावसायिक प्रशासन व प्रबंधन युक्त अर्थतंत्र के होने के भी प्रमाण मिलते हैं। हमारे प्राचीन वेदों में कर प्रणाली के सम्बंध में यह बताया गया है कि राजा को अत्यधिक कराधान रूपी अत्याचार से विरत रहना चाहिए। कौटिल्य के अनुसार करों की अधिकता से प्रजा में दरिद्रता, लोभ, असंतोष, विराग आदि भाव उपजते हैं। राजा द्वारा, स्मृतियों द्वारा निर्धारित, कर के अतिरिक्त अन्य कर लगाया जाना निछिद्ध था। कर की मात्रा वस्तुओं के मूल्य एवं समय पर निर्भर होती थी। राजा सामान्यतया उपज का छठा भाग ले सकता था। हां आपत्ति के समय अतिरिक्त कर लगाने की केवल एक बार की छूट रहती थी। अनुर्वर भूमि पर भारी कर नहीं लगाया जाता था। कर सदैव करदाता को हल्का लगे, जिसे वह बिना किसी कठिनाई व कर चोरी के चुका सके। जिस प्रकार मधुमक्खी पुष्पों से बिना कष्ट दिए मधु लेती है, उसी प्रकार राजा को प्रजा से बिना कष्ट दिए कर लेना चाहिए। कर प्रणाली के माध्यम से आर्थिक असमानता एवं घाटे की वित्त व्यवस्था पर अंकुश लगाया जाता था। चुंगी को भी कर की श्रेणी में शामिल किया जाता था, जो क्रेताओं एवं विक्रेताओं द्वारा राज्य के बाहर या भीतर ले जाने या लाए जाने वाले सामानों पर लगती थी। राजा के पास राजकोष के लिए तीन साधन थे- उपज पर राजा का भाग, चुंगी एवं दंड। इस प्रकार राजकोष पर प्राचीन ग्रंथों में अत्यंत विस्तृत व व्यावहारिक विमर्श पाया जाता है। शिवाजी महाराज के राज्य में प्रारम्भिक काल में व्यापार बहुत कम मात्रा में होता था और राज्य की अर्थव्यवस्था की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। इस राज्य में उस समय चौथ एवं सरदेशमुखी, यह दो प्रकार के कर प्रचलन में थे। नागरिकों को राज्य में सुरक्षा प्रदान करने के एवज में चौथ नामक कर लगाया जाता था। इस प्रकार का कर अन्य रियासतों द्वारा भी अपने नागरिकों से वसूला जाता था, उस खंडकाल में यह एक सामान्य कर था, जिसके अंतर्गत किसानों एवं श्रमिकों को यह आश्वासन दिया जाता था कि राज्य पर किसी भी बाहरी आक्रमण के समय इन नागरिकों को प्रशासन द्वारा सुरक्षा प्रदान की जावेगी। दूसरी ओर, सरदेशमुखी नामक कर प्रचलन में था। इस कर प्रणाली के अन्तर्गत, राज्य द्वारा जमीन पर अर्जित की गई आय का 10 प्रतिशत हिस्सा कर के रूप में किसानों से वसूल किया जाता था। शिवाजी महाराज ने 1660 के दशक के शुरूआती वर्षों में ही उक्त वर्णित दोनों प्रकार के कर अपने नागरिकों से लेना शुरू कर दिए था। सरदेशमुखी कर वसूल करते समय प्रशासन द्वारा इस बात का ध्यान जरूर रखा जाता था कि जिन किसानों की जमीन कम उपजाऊ है, उनसे कर की वसूली कम दर पर की जाय ताकि इस श्रेणी के किसानों को अपने एवं परिवार के जीवन यापन में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। कौन सी जमीन अधिक उपजाऊ एवं कौन सी जमीन कम उपजाऊ है, यह जानने के लिए समय समय पर सर्वेक्षण भी कराए जाते थे और इस सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर ही विभिन्न किसानों के लिए कर की दर निर्धारित की जाती थी। साथ ही कर की अधिकतम राशि भी निर्धारित की जाती थी एवं यह कुल उपज के एक तिहाई से अधिक नहीं रखी जाती थी।

# विभिन्न राज्यों के ऊर्जा बाजार आकर्षण को समझने के लिए उनके आकलन के मार्ग

**पुलकित श्रोत्रिय ऊर्जा सलाहकार एवं विशेषज्ञ डिस्कॉम**

सार। भारत में एक समवर्ती विषय के रूप में, ऊर्जा विभिन्न राज्यों में अवसरों और चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ एक विविध क्षेत्र प्रदान करती है। अर्ध–संघीय संवैधानिक संरचना वाले भारत में राज्यों का संघ है और केंद्र में मजबूत एकात्मक सरकार है, इसलिए, समवर्ती विषय होने के नाते ऊर्जा काफी हद तक केंद्र के कानून के अधीन रहती है। बाजार आकर्षण के संबंध में विभिन्न राज्यों के तुलनात्मक आकलन के प्रक्षेपवक्र का अनुसरण करते हुए, किसी को राज्य परिधि के भीतर संसाधनों की बंदोबस्ती, राज्यों की मांग–आपूर्ति की गतिशीलता, राज्यों की नीति और नियामक ढांचा, बुनियादी ढांचा और रसद, ऊर्जा दक्षता आदि जैसे कई कारकों से गुजरना पड़ता है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता होने और डीकार्बोनाइजेशन के वैश्विक दबाव के तहत भारत निवेशकों को टिकाऊ ऊर्जा के विकास के लिए एक मजबूत बाजार तंत्र स्थापित करने के लिए असंख्य अवसर प्रदान करता है। भारत के व्यापक रूप से आबादी वाले राज्यों में विविध ऊर्जा पोर्टफोलियो हैं, जिनमें से प्रत्येक के अपने–अपने फायदे और नुकसान हैं। इसलिए, प्रत्येक राज्य की बाजार व्यवहार्यता को समझने के लिए राज्य के ऊर्जा बाजार आकर्षण को उपर्युक्त कारकों के एक आश्रित चर के रूप में विचार करते हुए एक प्रतिगामी तंत्र का मॉडल बनाना अनिवार्य है। परिचयरू म्ल द्वारा प्रकाशित अक्षय ऊर्जा देश आकर्षण सूचकांक (त्म्ब्।प्) के अनुसार, भारत ने अमेरिका और चीन से पीछे, वैश्विक अक्षय ऊर्जा बाजार में आकर्षण के मामले में तीसरा स्थान हासिल किया। यह देश की उन निवेशकों को आकर्षित करने की प्रवृत्ति को दर्शाता है, जो दुनिया भर में ैम्ळ को प्राथमिकता देते हैं। वैश्विक ऊर्जा मांग वृद्धि में लगभग 10ः के अपने पर्याप्त योगदान के कारण, विश्व के ऊर्जा पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण स्थान रखते हुए, भारत ग्रह के पारिस्थितिक और पर्यावरणीय स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए संसाधन कुशल विकास के वैश्विक दृष्टिकोण पर केंद्रित है। संसाधन कुशल विकास और ऊर्जा की भारी मांग को पूरा करने के बीच संबंध स्थापित करने के लिए, देश ऊर्जा सुरक्षा, ऊर्जा स्थिरता और ऊर्जा स्थिरता के क्षेत्र में अपने विशाल प्रयासों के माध्यम से एक अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का निरंतर प्रयास कर रहा है। इस प्रकार, यह अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बाजार के आकर्षण को समाहित करता है। आम शब्दों में बाजार का आकर्षण ऊर्जा परियोजनाओं में अधिक से अधिक निवेश हासिल करने के लिए राज्यों की ष्संभावनाष् को संदर्भित करता है। चूंकि ऊर्जा केंद्र और राज्य दोनों सरकारों के लिए विकास का एक सामान्य गुणात्मक कारक है, इसलिए यह देश के समग्र सकल घरेलू उत्पाद पर एक व्यापक प्रभाव डालता है। कार्यप्रणालीरू भारत के विशाल और विविध परिदृश्य में, राज्यों में समान मूल्यांकन मापदंडों का उपयोग करने से सार्थक अंतर्दृष्टि प्राप्त नहीं हो सकती है। लेख विभिन्न राज्यों के तुलनात्मक मूल्यांकन के मार्गों को चित्रित करता है ताकि उनके बाजार आकर्षण को समझा जा सके। अध्ययन विभिन्न राज्यों के सभी प्रभावशाली आयामों के संबंध में ऊर्जा बाजार के आकर्षण के प्रतिगामी विश्लेषण पर ध्यान केंद्रित करता है और उन पहलुओं को उजागर करता है जिन्हें आमतौर पर छोड़ दिया जाता है लेकिन जो बाजार के आकर्षण पर बहुत बड़ा सहवर्ती प्रभाव डालते हैं और इसलिए उन्हें मूल्यांकन अध्ययन में शामिल किया जाना चाहिए। बाजार के आकर्षण के प्रतिगामी विश्लेषण के लिए सामान्य आयामों को स्वतंत्र चर के रूप में माना जाना चाहिएरू 1) राज्य परिधि के भीतर संसाधनों की बंदोबस्तीरू संसाधनों की उपलब्धता और पहुंच का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण है; गुजरात, राजस्थान और दक्षिणी क्षेत्र जैसे राज्य पर्याप्त सौर और पवन ऊर्जा संसाधनों के कारण उच्च बाजार आकर्षण क्षमता दिखाते हैं। 2) राज्यों की मांग–आपूर्ति गतिशीलतारू राज्यों में ऊर्जा की मांग–आपूर्ति गतिशीलता का आकलन करना महत्वपूर्ण है; यूपी, एमपी, छत्तीसगढ़, बिहार आदि जैसे राज्य सीमित नवीकरणीय ऊर्जा के कारण चुनौतियों का सामना करते हैं और पीक सीजन के दौरान महंगी पारंपरिक ऊर्जा और बिजली बाजारों पर बहुत अधिक निर्भर करते हैं। डिस्कॉम द्वारा महंगी बिजली खरीदने में असमर्थता के कारण बार–बार बिजली कटौती होती है, जिसका असर घरों और उद्योगों पर पड़ता है। इससे किफायती ऊर्जा समाधानों की मांग बढ़ती है, जिससे बाजार का आकर्षण बढ़ता है। 3) राज्यों की नीति और नियामक ढांचारू किसी भी राज्य के क्षेत्र में ऊर्जा परियोजना का कार्यान्वयन उस राज्य के सुचारू, लचीले और पारदर्शी नियामक तंत्र पर निर्भर करता है। यह कारक कई अन्य सूचकांकों का हिस्सा है, जिन्हें बाजार के आकर्षण का आकलन करते समय ध्यान में रखा जाना चाहिएरू क) व्यापार करने में आसानी और एफडीआई के लिए राज्य का दृष्टिकोण ख) मैक्रो–आर्थिक स्थिरता ग) नवीकरणीय ऊर्जा अवशोषण के लिए सहायक नीतियां घ) ऊर्जा बैंकिंग के उच्च प्रतिशत को सुविधाजनक बनाने के लिए राज्यों की संबंधित क्षमता।



4) अवसंरचना और लॉजिस्टिक्सरू संपूर्ण ऊर्जा अवसंरचना की मजबूती और संसाधनों के परिवहन के लिए घर्षण रहित लॉजिस्टिक्स ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेश के प्रवाह को सक्रिय करते हैं। इस कारक को निम्नलिखित उप–कारकों द्वारा रोका जाता है, जिनकी राज्यों में उनके बाजार आकर्षण को समझने के लिए गंभीरता से जांच की जानी चाहिएरू क) अवसंरचना में सहायक प्रौद्योगिकियां ख) उत्पादन, संचरण और वितरण नेटवर्क की मजबूती ग) ऊर्जा भंडारण सुविधाएं घ) उन्नत मीटरिंग, आईओटी एकीकरण आदि जैसी स्मार्ट ग्रिड प्रौद्योगिकियां 5) ऊर्जा कुशल प्रथाओं को लागू करने की राज्य की क्षमतारू भवन, डिस्कॉम, परिवहन, नगर पालिकाओं और उद्योगों जैसे क्षेत्रों में ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण सीधे ऊर्जा बाजार आकर्षण के लिए आनुपातिक है। अनदेखा आयामरू जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है, कुछ सूक्ष्म आयाम हैं जिन पर राज्यों के बाजार आकर्षण के मुकाबले तुलनात्मक विश्लेषण करते समय विचार किया जाना चाहिएरू 1. केंद्र–राज्य संबंधरू केंद्र सरकार में निवेश को बढ़ाने, राज्यों में बाजार अनुकूल नीतियों के कार्यान्वयन को उत्प्रेरित करने और एक प्रमुख हितधारक होने के नाते केंद्र राज्य पर कानून बना सकता है। उदाहरण के लिए, केंद्र सरकार और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार के बीच टकराव। 2. राज्यों में निवेश की प्रभावशीलता और प्रभावरू विभिन्न राज्यों में निवेशित धन के प्रभाव का आकलन नीतिगत अंतराल की पहचान करने और बाजार आकर्षण को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। जब अधिक प्रभाव पैदा होता है तो निवेश आकर्षित होगा। 3. राज्य में नियामकों की स्वायत्ततारू हालांकि यह बाजार पर अप्रत्यक्ष प्रभाव डालता है, लेकिन इसका विश्लेषण नियामकों पर राजनीतिक हस्तक्षेप को समझने में उपयोगी परिणाम प्रदान कर सकता है जो निवेशकों के हित को और अधिक प्रभावित कर सकता है। 4. हितधारकों की पहचानरू यह विभिन्न राज्यों की मांग, व्यय और मूल्य निर्धारण निर्धारकों के बारे में स्पष्ट तस्वीर निकालने के लिए एक मौलिक गतिविधि होनी चाहिए। 5. राज्यों का पर्यावरण प्रबंधनरू वर्तमान परिदृश्य में, यह आयाम एक महत्वपूर्ण पैरामीटर के रूप में उभरा है, जिसे परियोजना नियोजन के मूल में रखा जाना चाहिए। राज्यों के आधार पर, इसका बाजार के आकर्षण पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों तरह का प्रभाव पड़ता है। संक्षिप्त विश्लेषणरू नीति आयोग, बीईई और एईईई द्वारा प्रकाशित एसईईआई 20201 (राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक) के अनुसार, कर्नाटक अपने विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा कुशल प्रथाओं को लागू करने में शीर्ष पर है, इसके अतिरिक्त इसने अपने डिस्कॉम के उत्कृष्ट प्रदर्शन2 के लिए ष्ए श्रेणी हासिल की, जिससे राज्य राज्य रूफटॉप सौर आकर्षण सूचकांक3 के शिखर पर पहुंच गया, यह राज्य ऊर्जा की महत्वाकांक्षी और सहायक नीतियों और राज्य के बाजार आकर्षण पर उपरोक्त सभी आयामों के प्रभाव को दर्शाता है। निष्कर्षरू मूल्यांकन की पद्धतियाँ राज्यों की क्षेत्रीय परिवर्तनशीलता के अधीन हैं। राज्यों में उपर्युक्त सभी आयामों की तुलना करके, फर्म भारत के लगातार बदलते ऊर्जा बाजार में कहाँ निवेश करना है, इस बारे में सूचित निर्णय ले सकती हैं। प्रत्येक राज्य की अनूठी विशेषताओं को समझने के लिए हमेशा गहराई से गोता लगाना चाहिए। इन मापदंडों में अधिक विस्तृत जानकारी से अधिक विशिष्ट जानकारी प्राप्त होगी। इसलिए, जैसे–जैसे भारत अपने ऊर्जा संक्रमण की दिशा में आगे बढ़ रहा है, राज्यों का तुलनात्मक मूल्यांकन अपने ऊर्जा बाजारों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभर रहा है। विश्लेषण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाकर, हितधारक प्रत्येक राज्य की विविध शक्तियों का दोहन कर सकते हैं, जिससे एक लचीले और समृद्ध ऊर्जा परिदृश्य की दिशा में सामूहिक प्रगति हो सकती है।

# मोदी की हिन्दू-मुस्लिम से तौबा का यथार्थ

भारत में पिछले 10 वर्षों के दौरान एक ऐसा मीडिया विकसित हुआ है जिसका प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से घरोबा जैसा है। यह कोई नवनिर्मित मीडिया नहीं है वरन विद्यमान मीडिया का ही बड़ा हिस्सा है जिसने अपने आप को मोदीमय कर लिया है। मोदी का वह समर्थक है सो वह भारतीय जनता पार्टी के हर काम-काज की तारीफ करता है। मोदी के मित्र उसके भी मित्र हैं और मोदी के दुश्मन उसके भी दुश्मन बन जाते हैं। मोदी के कहे को तर्कसंगत साबित करने से लेकर उनके हर फैसले को मास्टरस्ट्रोक बतलाने वाला यह मीडिया कहने को स्वतंत्र है पर वह चलता है मोदी एवं उनकी पार्टी की विचारधारा के अनुरूप। देश के कुछ बड़े कारोबारी घरानों की मिल्कियत वाले इन मीडिया घरानों ने, जिनमें प्रकाशन वाला मीडिया है तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया भी- अपने उच्च शिक्षित व मोटी तनख्वाह वाले पत्रकारों को पिछले दशक भर से एक ही काम में लगा रखा है, वह है भाजपा की सरकार को बनाये रखना। इनमें से कुछ पत्रकार बेहद मुंहलगे हैं जो भाजपा प्रवक्ताओं जैसे काम करते हैं। मोदी को जो कहना होता है, वे उनमें से कुछ को अपने साथ लेते हैं और कोई नयी बात करते हैं। इन बातों को प्रकाशित सामग्री के रूप में या स्टूडियो के जरिये लोगों तक पहुंचाया जाता है। इन्हीं पत्रकारों के जरिये लोगों को कभी पता चलता है कि मोदी ने कोई शिक्षा हासिल नहीं की है, तो वे ही जनता तक यह बात पहुंचाते हैं कि मोदी ने 35 साल भिक्षावृत्ति की है। उन्हीं के जरिये देश जान सका है कि मोदी जी ने कई वर्षों तक हिमालय में तपस्या की है। कुछ मोदी से सुनी तो कुछ अपनी कल्पना शक्ति के बल पर यह मीडिया दो हजार के नोट में चिप लगाता है तो गोबर में हीरा खोजता फिरता है। वैसे तो मोदी पत्रकारों से बहुत कम बात करते हैं। उनकी एक अदद प्रेस कांफ्रेंस के लिये पूरा देश 10 बरस से तरस रहा है। श्मन की बातश या जनता से बहुत दूर व सुरक्षित ऊंचाई पर बने मंचों से एकालाप के जरिये अपनी बात कहने के आदी हैं पीएम। वाराणसी से लोकसभा के लिये तीसरी बार अपना नामांकन भरने के बाद पतित पावनी गंगा मैया के तटों पर विचरण करते हुए मोदी ने यकायक सेक्यूलर चोला ओढ़ लिया। उन्होंने मीडिया वाली से कहा- श्जिस दिन मैं हिन्दू-मुस्लिम करने लगूंगा उस दिन मैं सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रह जाऊंगा।श उनका यह बयान सभी लोगों, खासकर उनके अपने पार्टी कार्यकताओं व समर्थकों के लिये आश्चर्य और सदमे की तरह रहा होगा, लेकिन उक्त पत्रकार ने उनके इस बयान को बिग ब्रेकिंग के रूप में प्रसारित कर नाम तो कमा लिया, लेकिन पत्रकार-धर्म को पूरी तरह से गंगा में विसर्जित करते हुए। प्रेस कांफ्रेंस में तो किसी भी पत्रकार को ज्यादा सवाल करने का अवसर अक्सर नहीं मिलता पर ऐसे एक्सक्लूजिव साक्षात्कारों में न सवालों की सीमा होती है, न समय की बंदिश। फिर उपरोक्त महिला पत्रकार ने क्यों मोदी से यह नहीं कहा कि, श्मोदी जी, हाल ही में आपने तो कांग्रेस के न्यायपत्र पर मुसलिम लीग की छाया बतलाया था और आपने लोगों से यह भी कहा था कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो आपके मंगलसूत्र छीनकर श्कई बच्चों वालोंश को दे देगी, या यह भी नहीं पूछा कि, मोदी जी, कांग्रेस का तो देश में पिछले 55 वर्षों तक राज रहा। उसने ऐसा तो कभी भी नहीं किया। पत्रकार को मोदी जी के स्मरण में यह भी लाना था कि आप खुद कहते रहे हैं कि मैं कपड़े देखकर जान जाता हूं। मोदी को वह सारा कुछ ध्यान दिलाना था कि कैसे 10 साल उन्होंने हिन्दू-मुसलिम और भारत-पाकिस्तान करते हुए गुजार दिये। खैर, मोदी से जितने लोगों ने हाल के वर्षों में साक्षात्कार किये हैं, उन्हें ध्यान से देखा जाये तो इस आरोप में दम दिखता है कि सवाल भी पहले से तय होते हैं और जवाब भी। तभी तो किसी भी प्रकाशित या प्रसारित इंटरव्यू में ऐसे कोई सवाल नहीं होते जो मोदी या भाजपा को असहज करते हों। न उनमें नोटबन्दी समेत मोदी सरकार की तमाम असफल योजनाओं का जिक्र होता है, न ही मणिपुर का। न महिला पहलवानों के साथ होती ज्यादतियों का और न ही आदिवासी के सिर पर पेशाब करते भाजपा कार्यकर्ता का। न भ्रष्टाचारी कहे जाने वाले विरोधियों के भाजपा प्रवेश का और न ही इलेक्टोरल बॉन्डस का। खैर, होगा भी नहीं। मोदी ने जो दावा किया था कि हिन्दू-मुस्लिम करने पर वे सार्वजनिक जीवन के योग्य नहीं रह जाते, वह (दावा) ज्यादा देर तक जिंदा न रह सका। अगली ही सुबह (बुधवार को) महाराष्ट्र के डिंडौरी की आम सभा में मोदी ने बयान दिया कि श्अगर कांग्रेस की सरकार आएगी तो वह सरकार के पूरे बजट का 15 प्रतिशत अल्पसंख्यकों को दे देगी। फिर, उसी दिन मुंबई की सभाओं में उन्होंने राममंदिर का जिक्र किया और कहा कि शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे जीवित होते तो बहुत दुखी होते क्योंकि श्नकली शिवसेनाश (उद्धव ठाकरे गुट) ने राममंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का विरोध किया था जबकि बाल ठाकरे का सपना मंदिर निर्माण का था। सवाल है कि क्या मोदी व भाजपा का चुनावी विमर्श हिन्दू-मुस्लिम किये बिना सम्भव है? उत्तर है- नहीं, क्योंकि पिछले 100 वर्षों से भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक आधार धार्मिक विभाजन ही तो है। मोदी ने इससे तौबा कर ली तो उन्हें हटाने में न भाजपा-संघ देर करेगा न समर्थक-कार्यकर्ता।

# मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है!-जाना पड़ सकता है जेल!

## राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 के तहत मृत्यु भोज कानून दंडनीय है

## पारिवारिक सदस्य की मृत्यु पर 13 दिवसीय शोक पर मृत्यु भोज कुरीति/रीति या फिर धार्मिक संस्कार इसपर बहस छिड़ी-राष्ट्रीय स्तरपर इसका समाधान होना ज़रूरी-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया – वैश्विक स्तरपर दुनियां में भारत ही एक ऐसा देश है जहां हजारों समाज, लाखों जातियां, उपजातियां धर्म व आध्यात्मिक आस्था की जड़ कहा जाता रहा है, जिसकी गिनती विदेशो में भारतीय खूबसूरती की



संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

विशेषताओं में से एक है। कई सैलानी इस अनोखी व्यवस्था को देखनें ही भारत यात्रा पर आते हैं और कहते हैं काबिल–ए–तारीफ़! इसी कारण ही भारत धर्मनिरपेक्ष देश की ताक़त से प्रसिद्ध है। भारतीय रीति रिवाज को हर समाज स्तर पर अलग अलग रूप से लागू किया जाता रहा है,परंतु बहुत सीऋतियां और रिवाज ऐसे हैं जो करीब करीब हर समाज जाति में कॉमन है, उन्हें में से एक है परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु हो जाने पर उस परिवार में 13 दिवसीय शोक मनाया जाता है तथा अंतिम दिन को, 13 वीं या 12 वीं दिन के रूप में अंतिम दिन मृत्यु भोज दिया जाता है, जिसे समाज स्तर व पारिवारिक व रिश्तेदारों के लोग शामिल होते हैं। परंतु समय के बदलते परिपेक्ष में आजकल समय अभाव के कारण समाज में अपने–अपने समय अनुसार मृत्यु भोज दिया जाता है, तो अनेक समाजों में यह मृत्यु भोज केवल पारिवारिक व रिश्तेदारी तक सीमित कर दिया गया है, जो कि इस प्रकार के नियम समझो कि पंचायत द्वारा ही बनाए गए हैं, जो मेरा मानना है कि काफी हद तक उचित भी हैं। हमारी राइस सिटी गोंदिया नगरी के हमारे पूरे समाज के अध्यक्ष श्री नारायण सच्चानंद चांदवानी सर जी से इस मृत्यु भोज के विषय पर मेरी लंबी चर्चा हुई तो, उन्होंने कहा हमारे समाज में मृत्यु भोज प्रतिबंधित है परंतु समाज के लोग अपने परिवार और रिश्तेदारों तक सीमित रूप से मृत्यु भोज की रस्म करते रहते हैं। यह चर्चा आज हम इसलिए कर रहे हैं, क्योंकि मुझे आज 17 मई 2024 को एक महिला ने डिस्पोजल शॉप पर बताया कि उसके पति की मृत्यु हो गई है, वह उसकी 13 वीं में मृत्यु भोज कर रहे हैं। पूरे 13 दिवसीय शोक में एक लाख रुपए से अधिक खर्च आ गया है, व मृत्यु भोज पर भी करीब 40–50 हज़ार रुपए खर्च होगा। उन्होंने कहा कि वह यह मृत्यु भोज नहीं करना चाहती है परंतु कुछ समाज के लोगों ने कहा इससे समाज वाले उंगली उठाएंगे, बदनाम करेंगे, व सामाजिक प्रतिष्ठा कम होगी! इसलिए मैं यह सब कर रही हूं। बस! इसलिए मैंने आज इस विषयपर आर्टिकल लिखनेकी सोचा औरमैंने फिर इस पर रिसर्च शुरू की तो, मुझे राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 मिला, जिसके तहत मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है, जेल जाना पड़ सकता है। उसमें 1 साल की सजा वह 1000 रुपए जुर्माना की सजा है। दुसरा 13 दिसंबर 2023 तारीख़ की राजस्थान पुलिस









की एक सोशल मीडिया पर पोस्ट मिली जिसमें लिखा था, मृत्यु भोज करने और उसमें शामिल होना कानूनं दंडनीय अपराध है। मानवीय दृष्टिकोण से भी यह आयोजन अनुचित है, इसलिए आओ मिलकर इस कुरीति को समाज के से दूर करें, इसका विरोध करे।चूंकि राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 के तहत मृत्यु भोज कानून दंडनीय अपराध है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे पारिवारिक सदस्य की मृत्यु पर 13 दिवसीय शौक पर मृत्यु भोज को कुरीति/रीति/धार्मिक संस्कार पर बस छिड़ी। राष्ट्रीय स्तरपर इसका समाधान होना जरूरी है। साथियों बात अगर हम मृत्यु भोज की करें तो, हिंदू परिवारों में मृत व्यक्ति की आत्मा की शांति के लिए परिजन अंतिम संस्कार के बाद विधि विधान से तेरह दिन पर तेरहवीं के रूप में मृत्यु भोज रखते हैं, मगर राजस्थान पुलिस का फरमान देख लगता है कि यह लोगों का अधिकार नहीं बल्कि अपराध है। राजस्थान पुलिस ने 13 दिसंबर की सुबह सोशल साइट एक्स पर पोस्ट किया था – मृत्यु भोज करना और उसमें शामिल होना कानूनन दंडनीय है। मानवीय दृष्टिकोण से भी यह आयोजन अनुचित है,तो क्या किसी को भोज दे ही नहीं?असल में मृत्यु भोज ऐक्ट आज का नहीं है, यह 1960 से है। इसमें साफ लिखा है कि मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है। सजा के रूप में एक साल तक का या एक हजार रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसमें साफ है कि धार्मिक संस्कार के तहत रखे गए भोज में सौ से ज्यादा लोगों की संख्या नहीं होनीचाहिए। एक्ट बने इतने साल बीत गए मगर हकीकत यह है कि लोग इसके बारे में जानते भी नहीं। राजस्थान पुलिस के ट्वीट पर भी कई लोगों की प्रतिक्रिया थी कि क्या ऐसा भी कोईकानून है। ऐसा कहने वाले भी कम नहीं थे कि यह उनका निजी विषय है। एक ने एक्स पर लिखा–ऐसे हिंदू विरोधी क़ानून बंद करें। यह हिंदू धर्म के लिए ठीक नहीं। इसमें कोई जबरदस्ती नहीं होती। हर इंसान अपनी हैसियत के हिसाब से ही करता है। तो कुछ लोगों ने इसके समर्थन में भी पोस्ट किया। एक ने लिखा–हमारे यूपी में भी ऐसा कानून होना चाहिए! मरने के बाद धर्म संकट में डालकर लूटने वालों की दुकानों पर ताला लगना चाहिए!राजस्थान में कुरीति बन चुकी है मृत्यु भोज?लोगों के तर्क से बड़ा सवाल यह उठता है कि क्या शोकाकुल परिजनों को मृत्यु भोज के लिए धर्म संकट में डाला जाता है? राजस्थान से ताल्लुक रखने वाले वरिष्ठ पत्रकार ने सबसे पहले पुलिस को ट्रोल करने वालों को जवाब दिया। वह बताते हैं–ट्रोल करने वालों में ज्यादातर लोग प्रदेश के बाहर के हैं। शायद इन्हें नहीं पता होगा कि राजस्थान में नुकता यानी मृत्युभोज कितनी बड़ी कुरीति रही है। राजस्थान में शादियों में ढाई–तीन हजार लोगों को आमंत्रित किया जाता है और मृत्युभोज में भी इतनी ही तादाद में भोज कराने का दबाव रहता है। बेशक खाने के आइटम शादी के मुकाबले थोड़े कम होते हैं। यहां तक कि अगर घर में किसी युवा शख्स की मौत होती है तो भी इतना बड़ा भोज करने का दबाव रहता है। यह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को भावनात्मक और आर्थिक रूप से बहुत कमजोर कर देता है। कई बार तो कर्ज लेना पड़ जाता है। पुलिस की कानूनी बंदिश यह कहती है कि आप सौ–सवा सौ से ज्यादा लोगों को भोज न दें। साथियों बात अगर हम राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 की मुख्य धाराओं की करें तो, परिभाषा – इस अधिनियम में, जब तक कि विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–(ए)मृत्यु भोज का अर्थ है किसी व्यक्ति के निधन के अवसर पर या उसके संबंध में किसी भी अंतराल पर आयोजित या दी जाने वाली दावत और इसमें एक नुक्ता, एक मोसर और एक चहल्लुम शामिल है,और(बी) मृत्यु भोज आयोजित करने या देनेश में तैयार या बिना तैयार भोजन की वस्तुओं का वितरण शामिल है, लेकिन इसमें धार्मिक या धर्मनिरपेक्ष संस्कारों के पालन में परिवार के लोगों या पुरोहित वर्ग के व्यक्तियों या फागीरों को खाना खिलाना शामिल नहीं है, जो कि इससे अधिक नहीं है। कुल मिलाकर सौ व्यक्तियों की संख्या।(3) मृत्यु भोज का निषेध– राज्य में कोई भी व्यक्ति मृत्यु भोज आयोजित नहीं करेगा, न देगा, न शामिल होगा, न ही भाग लेगा।(4) धारा 3 के उल्लंघन के लिए सजा– जो कोई भी धारा 3 के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या ऐसे किसी भी उल्लंघन को करने के लिए उकसाता है, उकसाता है या सहायता करता है, उसे एक अवधि के लिए कारावास की सजा हो सकती है, जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, या एक हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, या दोनों के साथ।(5) निषेधाज्ञा जारी करने की शक्ति– यदि धारा 4 के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने में सक्षम न्यायालय इस बात से संतुष्ट है कि इस अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए मृत्यु भोज की व्यवस्था की गई है या होने वाली है या दी जाने वाली है तो ऐसी अदालत आयोजन पर रोक लगाने के लिए निषेधाज्ञा जारी कर सकती है या ऐसे मृत्यु भोज देना (6) धारा 5 के तहत निषेधाज्ञा की अवज्ञा के लिए सजा– जो कोई भी, यह जानते हुए कि धारा 5 के तहत एक आदेश जारी किया गया है, ऐसे निषेधाज्ञा की अवज्ञा करेगा, उसे एक अवधि के लिए कारावास, जिसे एक वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है, या जुर्माना, जो एक हजार रुपये तक बढ़ाया जा सकता है, या दोनों से दंडित किया जाएगा।इस अधिनियम की धारा 5 के तहत जारी हस्ताक्षर के किसी भी उल्लंघन पर एक वर्ष या पांच रुपये तक की सजा का प्रावधान किया गया है।1000/ – या दोनों (7) सरंपच आदि जानकारी देने के लिए बाध्य (1) राजस्थान पंचायतअधिनियम 1953 (1953 का राजस्थान अधिनियम 21) के तहत स्थापित ग्राम पंचायत के सरपंच और प्रत्येक पंच और प्रत्येक पटवारी और लंबरदार धारा 4 या के तहत दंडनीय अपराध का संज्ञान लेने के लिए सक्षम निकटतम मजिस्ट्रेट को तुरंत सूचित करने के लिए बाध्य होंगे। धारा 6 कोई भी जानकारी जो उसके अधिकार क्षेत्र की स्थानीय सीमा के भीतर ऐसे अपराध को करने या करने के इरादे के संबंध में उसके पास हो।(2) ऐसे किसी भी सरपंच, पंच, पटवारी या लंबरदार को उप–धारा (1) के तहत आवश्यक जानकारी देने में विफल रहने पर तीन महीने तक की कैद या जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।यह धारा सरपंच और प्रत्येक पंच या ग्राम पंचायत, पटवारी और लंबरदार के लिए धारा 6 में से 5 के तहत अपराध की जानकारी निकटतम प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट को देना अनिवार्य बनाती है, यदि वह ऐसा करने में विफल रहता है तो उसे दंडित भी किया जा सकता है और इस धारा के तहत दोषी ठहराए जाने पर 3 महीने तक की सजा या जुर्माना या दोनों।(8) पैसा उधार लेने या उधार देने पर रोक(1) कोई भी व्यक्ति मृत्यु भोज आयोजित करने या देने के उद्देश्य से किसी अन्य व्यक्ति से धन या सामग्री उधार नहीं लेगा या उधार नहीं देगा।(2)इस जानकारी के साथ या यह विश्वास करने का कारण होने पर कि दिए गए ऋण का उपयोग मृत्यु भोज रखने या देने के उद्देश्य से किया जाएगा, दिए गए ऋण के पुनर्भुगतान के लिए प्रत्येक समझौता शून्य होगा और कानून की अदालत में लागू नहीं किया जाएगा।(9) अपराध का क्षेत्राधिकार और संज्ञान– प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट के अलावा कोई भी अदालत इस अधिनियम के तहत दंडनीय किसी भी अपराध का संज्ञान नहीं लेगी, या उस पर मुकदमा नहीं चलाएगी।(10) अभियोजन के लिए परिसीमा– कोई भी अदालत इस अधिनियम के तहत किसी भी अपराध का संज्ञान उस तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के बाद नहीं लेगी जिस दिन अपराध होने का आरोप लगाया गया है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि मृत्यु भोज देना या उसमें भाग लेना दंडनीय अपराध है!– जाना पड़ सकता है जेल!राजस्थान मृत्यु भोज निवारण अधिनियम 1960 के तहत मृत्यु भोज कानून दंडनीय है।पारिवारिक सदस्य की मृत्यु पर 13 दिवसीय शोक पर मृत्यु भोज को कुरिति/रीति या धार्मिक संस्कार इसपर बहस छिड़ी–राष्ट्रीय स्तरपर इसका समाधान होना ज़रूरी है।

# रोबोटिक सर्जरी की मदद से निकाला तरबूज के आकार का ट्यूमर

## फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के डॉक्टरों ने दिया मरीज को नया जीवन,फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा में रोबोटिक सर्जरी से 59 वर्षीय व्यक्ति के शरीर से सफलतापूर्वक निकाला 1,211.58 सेंटीमीटर आकार का विशाल एड्रेनल ट्यूमर

नोएडा, दृ फोर्टिस हॉस्पिटल, नोएडा में रोबोटिक सर्जरी के ज़रिए एक 59 वर्षीय व्यक्ति के शरीर से एक बहुत बड़ा तरबूज के आकार का एड्रेनल ट्यूमर निकालने में चिकित्सकों को बड़ी सफलता मिली है। यूरोलॉजी विभाग के एडिशनल डायरेक्टर डॉक्टर पीयूष वर्ष्णेय के नेतृत्व में सर्जिकल टीम ने अत्याधुनिक श्दा विंची रोबोटिक सिस्टमश की मदद से 12 • 11.5 • 8 सेंटीमीटर के बड़े ट्यूमर को मरीज के शरीर से निकाला। डॉ. वर्ष्णेय ने बताया, ष्मरीज में किसी तरह के कोई लक्षण नहीं दिखाई दे रहे थे। रूटीन अल्ट्रासाउंड के दौरान संयोग से इस ट्यूमर का पता चल गया। इसे एड्रेनल इंसिडेंटलोमा कहते हैं। जब इस तरह के ट्यूमर का आकार 4 सेंटीमीटर से बड़ा हो जाता है तो अक्सर शल्य चिकित्सा (सर्जरी) की ज़रूरत पड़ती है। इस तरह के ट्यूमर में रक्त वाहिकाओं का



जाल बिछा होता है और ये स्प्लीन, पैंक्रियाज़ और किडनी के करीब होने की वजह से सर्जरी को बेहद चुनौतीपूर्ण बना देते हैं। दा विंची रोबोटिक सिस्टम की मदद से हम बहुत ही कम रक्तस्राव के साथ दो घंटे से कम समय में पूरा ट्यूमर निकालने में सफल रहे। ऑपरेशन के दो दिन बाद ही मरीज को अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।ष डॉ. वर्ष्णेय ने बताया कि एड्रेनल ट्यूमर, एड्रेनल ग्रंथि पर होने वाली वृद्धि है। यह ग्रंथि किडनी के ऊपर पेट के अंदर काफी गहराई में स्थित होती है और कई महत्वपूर्ण अंगों के पास स्थित होती है। 4 सेंटीमीटर से अधिक आकार के लगभग 70: एड्रेनल ट्यूमर आमतौर पर बिनाइन (गैर–घातक) होते हैं, जबकि बाकी के 30: मलिग्नेंट (घातक/कैंसरयुक्त) होते हैं। यह ट्यूमर अपेक्षाकृत आम है और 70 साल या उससे ज्यादा आयु के लगभग 7: लोगों में पाया जाता है। इसलिए, उन ट्यूमर को निकालना ज़रूरी होता है जो 4 सेंटीमीटर से बड़े हों और इन्हें बायोप्सी के लिए भेजा जाना चाहिए। हालांकि, ट्यूमर होने का सही कारण ज्ञात नहीं है पर कभी–कभी इनके विकसित होने में कुछ आनुवंशिक कारण भी भूमिका निभाते हैं। फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के ज़ोनल डायरेक्टर श्री मोहित सिंह ने बताया, ष्रोबोट से की जाने वाली सर्जरी में पारंपरिक तरीकों के मुकाबले कई फ़ायदे हैं। इसमें संक्रमण का खतरा कम होता है, सर्जरी के दौरान खून कम बहता, दर्द कम होता है, चीरे के निशान छोटे होते हैं, सर्जरी के बाद मरीज को हॉस्पिटल में कम दिन रहना पड़ता है और रिकवरी भी जल्दी होती है। इससे जहां सर्जरी अपेक्षाकृत सुरक्षित होती है, वहीं सर्जरी के नतीजे भी पहले से बेहतर प्राप्त होते हैं। इसीलिए रोबोटिक सर्जरी विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए जटिल मामलों में पसंदीदा विकल्प बन गई है।श डॉ. वार्ष्णेय ने अपने सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, कहा, ष्यह सफलता अत्याधुनिक तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका और हमारी मेडिकल टीम के अटूट समर्पण का प्रमाण है। हमारी टीम में डॉ. रितेश और डॉ. मयंक, डॉ अनुतम और डॉ सुनेवा की अगुवाई में एनेस्थीसिया टीम और सर्जरी के लिए मरीज की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए डॉ. अनुपम शामिल थे।ष श्री मोहित सिंह ने कहा, ष्फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों की उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है। शल्य–चिकित्सा संबंधी नई खोजों को अपनाने में अग्रणी होने पर हमें गर्व है। मॉडर्न मेडिकल टेक्नोलॉजी में हमारा निवेश हमारे चिकित्सकों को उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने में मदद करता है।

# लालची एक्टर्स और क्रिकेटर्स हमारी आने वाली पीढ़ी को कर रहें हैं बर्बाद: अरविन्द पुष्कर एडवोकेट

## एक्टर्स और क्रिकेटर्स विज्ञापनों के माध्यम से युवाओं को गुटखा खाने को और जुआ खेलने क़ो कर रहें प्रेरित : अरविन्द पुष्कर एडवोकेट,जुआ खेलने और गुटखा खाने को इंस्पायर करने वाले सभी विज्ञापनों पर रोक लगनी चाहिए : अरविन्द पुष्कर एडवोकेट

आगरा। सिर्फ़ चंद पैसे के लालच के लिए फ़िल्म अभिनेता और युवाओं के रॉल मॉडल क्रिकेटर्स जनता से ज़हरीला गुटखा खाने को और जुआ खेलने क़ो विज्ञापनों के माध्यम से प्रेरित कर रहें हैं। क्या ऐसा करना देशहित में सही हैं ? इस सन्दर्भ में वरिष्ठ समाजसेवी अरविन्द पुष्कर एडवोकेट ने राष्ट्रहित में अपनी राय रखते हुए पत्रकार वार्ता में बताया कि यक़ीन नहीं होता कि सिर्फ़ चंद पैसे के लालच के लिए एक्टर्स और युवाओं के रॉल मॉडल



क्रिकेटर्स भारत की जनता से ज़हरीला गुटखा खाने को और जुआ खेलने क़ो विज्ञापनों के माध्यम से प्रेरित कर रहें हैं। क्या ऐसा करना देशहित में सही हैं ? लेकिन एक बात आप ध्यान से समझ लीजिए कि इन्होने तो मोटा पैसा कमा लिया हैं। अगर आप को इन सब जीवन बर्बाद करने वाली चीजों की लत गयी ना, तो आप ना घर के रहेंगे ना घाट के, अगर इनके विज्ञापनों के बहकाबे में आप आगये ना तो इस देश में आज के बाद कोई भी बड़ा क्रिकेटर नहीं बन पायेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज हम एक ऐसे समय से गुजर रहे हैं, जहां युवाओं के रोल मॉडल ही उन्हें गुटखा खाने को इंस्पायर कर रहे हैं या जुआ खेलने को श्रेष्ठ बता रहे हैं, इन लोगों की मानसिकता का आलम ये है कि खुद तो दूध में चीनी तक डालकर नहीं पीते लेकिन देश के भविष्य को निठल्ला बनाने के प्रयास के साथ – साथ, चंद पैसे के लालच के लिए देश का युवा को बर्बाद कर रहे हैं। इन लालची और सामाजिक पाखंड के विशेषज्ञ लोगों को समाज, पारिवारिक संस्कार व देश की संस्कृति से कोई मतलब नहीं हैं। यह लालची लोग हमारी आने वाली पीढ़ी को बर्बाद कर रहे हैं। समाज के लिए इनके द्वारा किया गया यह कृत्य बहुत ही गलत है। इसलिए हमारी सभी से विनम्र अपील हैं कि जुआ खेलने को और गुटखा खाने को इंस्पायर करने वाले सभी विज्ञापनों पर रोक लगनी चाहिए और इस मामले में हर परिवारीजन से आग्रह है कि इस विसंगति के कार्यों पर नजर रखें और परिवार व युवा पीढ़ी को बचायें।

# हर सुख – दुख में साथ निभाता हैं परिवार : वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना

## सभी देशवासियों को विश्व परिवार दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं : वरिष्ठ समाजसेवी राजेश खुराना

आगरा। विश्व में व्यापक स्तर पर परिवार दिवस मनाया जाता हैं। आज ऐसा समय आ



गया है कि एक दूसरे की चिन्ता किए बगैर देश गौरवशाली नहीं बन सकता है। संयुक्त परिवरों की संख्या बहुत कम हो गई है। आज हाल यह है कि बच्चे पढ़ाई और स्वतंत्रता के नाते परिवार से अलग रहना शुरू कर देते हैं। इसके कारण कई महत्वपूर्ण चीजें पीछे छूट रही हैं, लेकिन परिवार से बडा कोई धन नही और परिवार के बिना जीना जीवन नही। इस अवसर पर राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने सभी को विश्व परिवार दिवस की हार्दिक शुभकामनाये व्यक्त करते हुए कहा कि आज की वैश्विक महामारियों के चलते कुटुम्ब प्रबोधन की गतिविध की महत्ता बढ़ गई है। हम सब एक परिवार के अंग हैं। इसलिए एक दूसरे की चिन्ता करनी है। आज ऐसा समय आ गया है कि एक दूसरे की चिन्ता किए बगैर देश गौरवशाली नहीं बन सकता है। इसलिए परिवार से बडा कोई धन नही, परिवार के बिना जीवन, जीवन नही। आजकल समाज में देखा जा रहा कि भौतिकता की चकांचौंध और मोबाइल के कारण भी हमारा युवा वर्ग दिशाहीन होता जा रहा है। आधुनिकता के दौर में आज़ वृद्धावस्था में बूढ़े माता–पिता की चिन्ता करने बच्चे कम ही है। वहीं, 'हम दो हमारे दो' की अवधारण के कारण माता–पिता अकेले रह जाते हैं। ऐसे में मता–पिता के सुख–दुख की चिन्ता कौन करे? देखने में आ रहा हैं कि बहुत से बच्चे माता–पिता को छोड़कर विदेश में रह रहे हैं। कुछ अशुभ होने पर आने में ही कई दिन लग जाते हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए आत्मनिर्भर एक प्रयास संस्था ने कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि शुरू की है। केवल उद्देश्य यह है कि एकल परवारों को संस्कारित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम करते रहें। संस्था अपनी शक्ति के साथ सेवा कार्य कर रहा है। हम सब एक परिवार के अंग हैं। इसलिए एक दूसरे की चिन्ता करनी है। हिन्दुत्व की भावना को और प्रबल बनाने का अभियान परिवार के साथ रहेंगे तो हम संस्कारित होंगे। संयुक्त परिवार में स्वयमेव ही संस्कार आते थे। नए जमाने में एकल परिवार हैं, जिससे समस्या बढ़ रही है। वीते कोरोना काल में संयुक्त परिवार की महत्ता का भान हो रहा है। उन्होंने कहा कि वास्तव में परिवार पहली पाठशाला और मां प्रथम शिक्षक है। परिवार राष्ट्र की भी पहली इकाई है। परिवार ठीक होंगे तो अपना भारत राष्ट्र भी समृद्ध होगा। इसी कारण परिवार दिवस पर परिवार की भावना को और प्रबल बनाने का अभियान है। उन्होंने आगे कहा कि आज ऐसा समय आ गया है कि एक दूसरे की चिन्ता किए बगैर देश गौरवशाली नहीं बन सकता है। संयुक्त परिवरों की संख्या बहुत कम हो गई है। आज हाल यह है कि बच्चे पढ़ाई और स्वतंत्रता के नाते परिवार से अलग रहना शुरू कर देते हैं। इसके कारण कई महत्वपूर्ण चीजें पीछे छूट रही हैं। संयुक्त परिवार में संस्कार और संस्कृति से जुड़े रहते हैं। हिन्दी के बारह महीने कितने लोगों को याद होंगे? यह संस्कार और संस्कृति से जुड़ा पहला प्रश्न है। हम सारे त्योहार पंचांग के आधार पर मनाते हैं। जब हमें हिन्दी के महीने पता नही होंगे तो अपनी संस्कृति से कैसे जुड़ पाएंगे? केवल मकर संक्रांति ही अंग्रेजी तिथि के अनुसार है, जो 14 जनवरी की आता है। आज की पीढ़ी के परिवार से दूर होने का परिणाम यह है कि हम संस्कार खो रहे हैं। बड़े शहरों में एकल परिवार होने के कारण माता–पिता नौकरी पर चले जाते हैं। बच्चे क्या कर रहे हैं? कुछ पता नहीं है। जब ऊंच–नीच होती तो संयुक्त परिवार की याद आती है। नैतिक संस्कार संयुक्त परिवार में आते हैं। इसके तहत परिवार दिवस पर प्रातः जागरण से लेकर रात्रि भोजन तक क्या–क्या करना है? अवगत कराया जाता हैं। अपेक्षा की गई है कि प्रत्येक व्यक्ति पांच परिवारों तक यह गतिविध कराए। इससे संयुक्त परिवार की अवधारणा मजबूत होगी। इसमें सफलता मिल रही है। आज क्या करें...? प्रातः जागरण, स्नान और भोजन के समय मंत्र पढ़ना है। पशुओं को चारा खिलाएं, चीटियों को आटा। पक्षियों को दाना डालें और छत पर पानी रखें। सभी परिजन घर को स्वच्छ करें। अपने घर और मोहल्लों को विसंक्रमित करें। घर में हवन करें ताकि वातावरण शुद्ध हो। गौशाला में जाकर गौसेवा करें। अपने आसपास कोई भूख से पीड़ित है तो उसे भोजन या राशन दे। रात्रि आठ बजे भोजन मंत्र के साथ सामूहिक भोजन करें। अपने परिवार के साथ बैठें। माता–पिता का चरणवंदन करना है। व्यायाम, स्नान, तुलसी माता को जल अर्पण, गौसेवा, चींटी व पशुपक्षियों को दाना और जल देना है। अगर घर पर गाय नहीं आती है तो गौशाला जाना है और शाम को पुरे परिवार के साथ बैठकर भोजन करना हैं। इसी विचार के साथ एक वार पुनः सभी देशवासियों को विश्व परिवार दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी राहुल गांधी को जिताने की अपील सोनिया प्रियंका एवं अखिलेश यादव ने किया सेवा संकल्प सभा में उमडा रायबरेली का जन सैलाब


उमानाथ यादव।

रायबरेली – रायबरेली में सीपीपी चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी, श्री राहुल गांधी जी, श्री अखिलेश यादव जी और श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने विशाल जनसभा को संबोधित किया। सोनिया गांधी जी ने कहा, तीस साल तक आपने मुझे सेवा का मौका दिया। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। आज मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है। अखिलेश यादव जी और घ्प्रियंका गांधी जी ने रायबरेली की जनता से राहुल गांधी जी को कम से कम 5 लाख वोटों से जिताने की अपील की। प्रियंका जी ने कहा कि पूरे देश में बदलाव की आंधी चल रही है। अखिलेश जी ने कहा, रायबरेली की जनता देश में जीत का रिकॉर्ड बनाने जा रहा है। राहुल गांधी जी ने जनता से कहा कि नरेंद्र मोदी ने देश के गरीबों का अपमान किया है। पूरे देश के गरीबों का पैसा 22 लोगों को दे दिया। देश की जनता इन्हें सत्ता से बाहर करने जा रही है। इंडिया की सरकार आपकी सरकार होगी जो आपके लिए काम करेगी। आज मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं' रायबरेली की जनता से सोनिया गांधी की भावुक अपील, तीस साल तक आपने मुझे सेवा का मौका दिया। आपके सामने मेरा सिर श्रद्धा से झुका हुआ है। रायबरेली और अमेठी मेरा परिवार है। आज मैं आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। जैसे आपने मुझे अपना माना, वैसे ही राहुल को अपना मानकर रखना है। राहुल आपको निराश नहीं करेगा आज देश में बदलाव की आंधी उठी है समाजवादी और कांग्रेस के कार्यकर्ता एकजुट होकर, एक सेना बनकर लड़ रहे हैं और इंडिया गठबंधन को विजयी बनाएंगे। दस सालों से आम आदमी, गरीब, किसान प्रताड़ित है। जन जन की पुकार थी कि हमारी सुनवाई हो लेकिन नरेंद्र मोदी की सरकार में आपकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आज इस देश में आंधी उठी है। इस देश की पुकार है कि भाजपा की तानाशाह सरकार को हटाया जाए और देश में एक नई चेतना स्थापित हो। मोदी जी की सरकार को उखाड़ कर फेंक दीजिए मेरा आंचल जीवन भर आपके आशीर्वाद और प्रेम से भरा रहा है' मैंने राहुल और प्रियंका को वही शिक्षा दी है जो इंदिरा जी ने और रायबरेली की जनता ने मुझे दी। सबका आदर करो, कमजोर की रक्षा करो, अन्याय के खिलाफ जनता के लिए जिससे भी लड़ना पड़े लड़ जाओ, संघर्ष की तुम्हारे जड़ें बहुत मजबूत हैं। मेरा आंचल जीवन भर आपके आशीर्वाद और प्रेस से भरा रहा है। आपके प्रेम ने मुझे कभी अकेले नहीं पड़ने दिया। मेरा सबकुछ आपका ही दिया हुआ है। इस अवसर पर सेवा संकल्प सभा के कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी समाजवादी पार्टी का जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर सरेनी से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी सुधा द्विवेदी प्रदेश महासचिव सुशील पासी ऊंचाहार से कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह सरेनी से विधायक राजा देवेंद्र प्रताप सिंह बछरावां से विधायक श्याम सुंदर भारती हरचंदपुर से विधायक राहुल लोधी जिला कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम सुरेश पटेल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम सिंह यादव समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य राजेश चंद्र कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे सुप्रिया श्री नेट ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डलमऊ विनोद प्रताप सिंह रामसेवक वर्मा पवन यादव जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र यादव महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शैलजा सिंह समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला अध्यक्ष शिव दुलारी यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे

# पत्रकारो के कलम पर अंकुश लगा रही बीजेपी की सरकार - पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी

ब्यूरो प्रमुख प्रद्युम्न कुमार यादव

देवरिया। देवरिया लोक सभा क्षेत्र में सपा के पूर्व कैबिनेट मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी का जनसपंर्क रहा। जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन के लोक सभा प्रत्याशी अखिलेश प्रताप



सिंह के लिए वोट मांगा तथा भारी मतों से जीत दिलाने के लिए जनता से समर्थन मांगा। पूर्व मंत्री श्री त्रिपाठी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि बीजेपी की सरकार में पत्रकारों को डराया जा रहा है, धमकाया जा रहा है, उन्हें पीटा जा रहा है। जब से बीजेपी की सरकार आई है, पत्रकारो की हत्या हो रही है। लोक तंत्र की हत्या हो रही है। पत्रकारो के द्वारा जब बीजेपी के काले कमियों को उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उन्हें मार पीट कर घायल कर दिया जा रहा है। देश का चौथा स्तम्भ खतरे में है, आगे कहा संविधान भी खतरे में है। उन्होंने कहा कि पत्रकारो की स्वतंत्रता पर उनके कलमों पर बीजेपी अंकुश लगा रही है। ऐसे तानाशाही सरकार को जड़ से उखाड़ने का समय आ गया है। जनता निडर होकर इंडिया गठबंधन को वोट करे। पत्रकार निडर होकर सवाल करे।

# डीजे संचालक हत्याकांड मामले में पूछताछ जारी

मिल्कीपुर–अयोध्या।थाना इनायतनगर क्षेत्र अंतर्गत पलिया माफी पूरे बसांवा गांव में बृहस्पतिवार रात को हुए सनसनीखेज डीजे संचालक हत्याकांड में पुलिस की जांच जारी है। प्रभारी निरीक्षक इनायतनगर संदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।हत्याकांड के खुलासे के लिए एसओजी तथा इनायत नगर पुलिस की टीम सक्रियता से लगी हुई हैं। फिलहाल 36 घंटा से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है और अभी तक किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच पाई है। बताते चलें कि बृहस्पतिवार की रात अशोक डीजे की दुकान पर सो रहे टकसरा निवासी छेदीलाल चौरसिया की निर्मम हत्या करने के बाद हत्यारों ने 14 लाख से अधिक का डीजे का सामान लूट लिया था। सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा न होने से यह मामला आम जनमानस के बीच अबूझ पहेली बना हुआ है।

# जनता को काम का,भोजन का, शिक्षा का,सूचना का सभी अधिकार कांग्रेस पार्टी ने दिए - तनुज पुनिया

ब्यूरो चीफ फहीम सिद्दीकी

बाराबंकी 17 मई– देश के प्रधानमंत्री और भाजपा झूठ की राजनीति करती है देश की आजादी से लेकर आज तक जो भी इस देश की जनता को मिला है कांग्रेस पार्टी की देन है कांग्रेस पार्टी ने सत्ता की नहीं सेवा की राजनीति की है जनता को काम का, भोजन का, शिक्षा का, सूचना का सभी अधिकार कांग्रेस पार्टी ने दिया है कांग्रेस पार्टी ने 18 वर्ष के नौजवानों को वोट का अधिकार तथा 60 साल की उम्र तक नौकरी का अधिकार दिया लेकिन देश की मोदी सरकार ने अग्नि वीर योजना



चलाकर सिर्फ चार साल में ही नौजवानों को जो सेना की नौकरी से रिटायर करने का अपराध किया है उसके लिये इस देश का नौजवान भाजपा को कभी माफ नहीं करेगा, देश के अन्नदाता के वोट से सत्ता में आयी भाजपा में उसकी अनदेखी करके अपने पूंजी पति मित्रों का 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया लेकिन किसानों का नहीं किया जबकि कांग्रेस की यू0 पी0 ए0 सरकार ने किसानों का 72 हजार करोड़ का कर्ज माफ किया था और आज कांग्रेस पार्टी ने देश की इण्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज नगरपालिका परिषद बाराबंकी के मोहल्ले आवास विकास, कोठी डीह, जगनेहटा में व्यापक जनसम्पर्क अभियान के दौरान मतदाताओं से इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में मतदान की अपील की। नगरपालिका परिषद नवाबगंज बाराबंकी में क्षेत्र भ्रमण के पश्चात पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू, रामानुज यादव, आमिर अयूब किद्वाई एवं विधानसभा कुर्सी के समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र यादव के साथ विकास खण्ड निन्दूरा के ग्राम अनुवारी, अलीपुर, बैनाटीकाहार, टिकैतगंज, सराय सहबाज, नारायन पुर, सरीफाबाद, रामनगर बक्सोलिया, भदरास, काजीबेहटा, देवरा, धौराहरा में व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाकर इण्डिया गठबन्घन के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। नगरपालिका परिषद बाराबंकी क्षेत्र के भ्रमण के दौरान नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटो वाला, दिनेश वैश, शिव शंकर शुक्ला, शबनम वारिस, सिकन्दर अब्बास रिजवी, सनि यादव, संजीव मिश्रा, दानिश सिद्दीकी एडवोकेट, वीरेन्द्र प्रताप यादव एडवोकेट, के0 सी0 श्रीवास्तव, रीतेश रावत, सोनू यादव सभासद, गुड्डू गौतम, रवि वैश, बब्लू गौतम सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस पार्टी तथा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पत्रकारो के कलम पर अंकुश लगा रही बीजेपी की सरकार राजेश उर्फ बंटी राव

कुशीनगर। लोकसभा 65 सभा क्षेत्र में सपा के कुशीनगर विधानसभा 333 राजेश प्रताप उर्फ बंटी राव जनसम्पर्क के दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह पिन्टू सिंह सैथवार के लिए वोट मांगा तथा भारी मतों से जीत दिलाने के लिए जनता से समर्थन मांगा। बंटी राव ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि बीजेपी की सरकार में पत्रकारों को डराया जा



रहा है धमकाया जा रहा है उन्हें पीटा जा रहा है। जब से बीजेपी की सरकार आई है पत्रकारो की हत्या हो रही है लोक तंत्र की हत्या हो रही है। पत्रकारो के द्वारा जब बीजेपी के काले कमियों को उजागर करने का प्रयास किया जा रहा है तो उन्हें मार पीट कर घायल कर दिया जा रहा है। देश का चौथा स्तम्भ खतरे में है आगे कहा संविधान खतरे में है। उन्होंने कहा कि पत्रकारो की स्वतंत्रता पर उनके कमलों पर बीजेपी अंकुश लगा रही है। ऐसे तानाशाही सरकार को जड़ से उखड़ने का समय आ गया है जनता निडर होकर इंडिया गठबंधन को वोट करे। पत्रकार निडर होकर सवाल करे।

# अमित शाह की उपस्थिति में ऊंचाहार से रहे सपा विधायक डॉ0 मनोज पांडे के भाजपा की सदस्यता लेते ही बदले रायबरेली के राजनीतिक समीकरण






रायबरेली ऊंचाहार आज गृहमंत्री अमित शाह, स्मृति ईरानी और मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेश शुक्ला की उपस्थिति में ऊंचाहार विधायक डॉ० मनोज पांडे ने ग्रहण की भारतीय जनता पार्टी सदस्यता हजारों की संख्या लोग बने सक्षी द्य पंडाल और सड़कों पर उमड़ा जन सैलाब, भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद मनोज पांडे ने कहा कि तत्कालीन सांसद सोनिया गांधी या उनके परिवार का कोई भी सदस्य रायबरेली नहीं आया जब ऊंचाहार बॉयलर फटा था या बछरावां में भीषण रेल दुर्घटना हुई थी या किसी भी तरीके की कोई भी आपदा रायबरेली में आई है तो कांग्रेस का कोई भी व्यक्ति यहां पर नहीं गाधी परिवार दिल्ली में बैठ कर जनता को ठेंगा दिखता रहाद्य जब भी कभी रायबरेली की जनता के साथ अन्याय होगा अपमान होगा तो मनोज पांडे टुकुर टुकुर नहीं देखेगाद्य मनोज पांडे ने कहा भगवान श्री राम के लिए समाचार पत्रों को भी बताया प्रेस में भी बोला कि हम प्रभु श्री राम का अपमान नहीं सकते हैं ,हमने सैकड़ो लोगों को मरते हुए देखा है ,हमने गोलियां चलाते हुए देखा है , सनातन का खून बहते हुए देखा है द्य हम भगवान श्री राम के मंदिर को बनाने वाले भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री वह गृहमंत्री को हृदय से प्रणाम करते हैं और उन्हें भूल नहीं सकते कुछ मिले या ना मिले प्रभु श्री राम मिल गए हमारे लिए और हमारी जनता के लिए बड़ी गर्व की बात हैद्य गृहमंत्री अमित शाह ने अपने उद्बोधन में पहले जय श्री राम के नारे के साथ अयोध्या श्री राम मंदिर की चर्चा किया और लोगों से पूछा कि क्या अयोध्या में श्री राम मंदिर बनना चाहिए था या नहीं,जिन्होंने राम मंदिर बनवाया, हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने विधिवत प्राण प्रतिष्ठा भी कियाद्य उन्होंने यह भी कहा कि इंडी गठबंधन वाले आएंगे तो फिर से ताला लगाएंगे यह एक परिवार वादी संगठन है सोनिया जी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनना चाहती हैं यह सीट किसी परिवार की नहीं है जो रायबरेली वाले चाहेंगे वही संसद में जाएगाद्य जो विकास करता है उसी को संसद में जाने का अधिकार है,द्य केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सभा को संबोधित करते कहा कि आज का दिन बहुत शुभ है आज हमारे दो भाई रण क्षेत्र में उतरे है हिन्दू संस्कार रीति रिवाज में जब भाई रण क्षेत्र के लिए निकलता है तो बहन ही मस्तक पर विजय श्री का तिलक लगाकर विदा करती है आज मैंने अपना फ़र्ज़ निभाया एक भाई डॉ० मनोज पाण्डेय परिवार में आये तो उनका तिलक लगाकर व दूसरा भाई दिनेश प्रताप सिंह के रण क्षेत्र के निकलने पर दोनों भाइयो को तिलक लगाकर मेने अपने भाइयो को विजय श्री का आशीर्वाद दियाद्य और ये कहा कि अब रायबरेली कांग्रेस मुक्त होना तय हैद्य लोक सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह जी ने सभा में आई हुयी जनता का ह्रदय से आभार प्रकट कियाद्य और कहा रायबरेली ऊंचाहार की जनता से आशीर्वाद मांगने के लिए आया हु आपका भाई आपका बेटा दिनेश प्रताप सिंह उन्होंने कहा कि मै सदैव आप सब की सेवा में उपस्थित रहा और जब तक मेरा जीवन रहेगा तब तक आप सब के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर मै अपना पूरा जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दूंगा द्य मंच का संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी जी रहेद्य मंच मौजूद, उपमुख्यमंत्री मध्यप्रदेश राजेंद्र शुक्ला,परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह,जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला,प्रदेश महामंत्री संजय राय,सदर विधायक अदिति सिंह, सलोन विधायक अशोक कोरी , के.सी. पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी, लोक सभा सयोजक राम देव पाल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## इंडिया गठबंधन की दिल्ली से रायबरेली के हर गली चौराहे में लगा चंद लोग हुए परेशान

उमानाथ यादव

रायबरेली —शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में आईटीआई के राजीव गांधी स्टेडियम में एक सेवा संकल्प सभा का आयोजन किया गया था जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं नर्व वर्तमान सांसद श्रीमती सोनिया गांधी उनकी पुत्री प्रियंका गांधी वाड्रा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी सहित कई अन्य नेताओं का आगमन हुआ था जिसको सुनने के लिए रायबरेली जनपद के अलावा अन्य जनपदों से भी जीत बस वह अन्य साधनों से बड़ी संख्या में लोग आए थे जिसमें हमारे संवाददाता में जब लोगों से पूछा तोतमाम लोगों से पूछने पर बताया कि इंडिया गठबंधन की रैली में लगभग 2 लाख के ऊपर लोगों के आने की चर्चा शहर के गली एवं मोहल्ले में चाय पान की दुकानों में लोगों के बीच होती रही तथा आईटीआई से लखनऊ रोड पर रतापुर त्रिपुरा गोल चौराहा सिविल लाइन डिग्री कॉलेज चौराहा सहित विभिन्न चौराहा पर लंबी—लंबी लाइन देखने को मिली और लोगों को जाम का सामना करना पड़ा तथा प्रशासन को भी इस अपार्टेड को देखते हुए दो—चार होना पड़ा और लोग कड़ी धूप में परेशान होते देखे गए तथा पुलिस प्रशासन के लोगों के भी इस अपार भीड़ को देखते हुए एवं लगे होने से पसीने तक छूट गए



## युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव ने सेवा संकल्प सभा में अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ शामिल

उमानाथ यादव।

रायबरेली —रायबरेली में शुक्रवार को युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव विक्रांत पांडे ने अपने समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए कांग्रेस के प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में आईटीआई मैदान स्थित राजीव गांधी क्लब में पहुंचे आपको बताते चले की विक्रांत पांडे उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव हैं और बलिया से अपने समर्थकों के साथ रायबरेली जिले के महाराजगंज ब्लॉक में प्रभारी के पद में असिन किए गए हैं और उन्होंने बताया कि लगातार गांव में जाकर समर्थकों के साथ लोगों से मिलकर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के पक्ष में दिन—रात एक करके प्रचार प्रसार किया जा रहा है और उन्होंने बताया कि हम लोग सदैव गांधी नेहरू परिवार से जुड़े रहे हैं और जब—जब भी चुनाव रायबरेली में होता है हम लोग अपनी टीम के साथ बलिया से रायबरेली जाकर गांधी परिवार के चुनाव में जनसंपर्क करते रहते हैं उन्होंने बताया कि विगत दिनों कश्मीर से कन्याकुमारी के बीच कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा में भी हमारा विशेष रूप से योगदान रहा है। आइसोटोन पर युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव विक्रांत पांडे के साथ छत्तीसगढ़ से लोकसभा प्रत्याशी शशि सिंह सम्राट जी राष्ट्रीय सचिव यूथ कांग्रेस आशुतोष पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बछरावां सहित अन्य तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे



## विलुप्त हो रहे प्राणियों की रक्षा के लिए पर्यावरण बचाना अति आवश्यक- सूबेदार बलराम , गंगा टास्क फोर्स


कानपुर नगर — लाला कालिका प्रसाद श्रीवास्तव इंटर कॉलेज तिलसहरी में भारतीय सेना की इकाई गंगा टास्क फोर्स 137 ब्ज्थ् ठछ(ज।) 39ग्रुप की टीम ने उपस्थित छात्र छात्राओं से विलुप्त हो रहे प्राणियों के संबंध में विस्तृत चर्चा की तथा उन्हें बचाने की अपील की। सूबेदार बलराम ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया तथा उपस्थित शिक्षक समुदाय, छात्र छात्राओं से भी परिसर में वृक्षारोपण करवाया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा मान्यता श्रीवास्तव एवं छात्र लक्ष्य श्रीवास्तव ने भी उपस्थित सदन से पर्यावरण सुरक्षा की अपील की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र प्रकाश ने दैनिक जीवन में पेड़ पौधों के महत्व एवं वातावरण की स्वच्छता पर भी अपने विचार रखे। विद्यालय के ही पूर्व छात्र एवं जन सेवक नीरज प्रधान ने राष्ट्र प्रेम एवं प्रकृति प्रेम दोनों को ही आवश्यक बताया। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा आप लोग देश के भविष्य हैं, आप लोगों को देश हित एवं प्रकृति हित पर कार्य करना होगा। शिक्षा का मतलब वह सारे प्रयास करना है जिससे समाज एवं जीव जंतुओं का हित हो । आज के इस कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थियों अंशिका व सिमरन को सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर विद्यालय परिवार से मनीष कुमार श्रीवास्तव, अनिरुद्ध, जितेंद्र कुमार,अवधेश,मलखान सिंह,सौरभ कुमार,शिवम कुमार,जय प्रकाश,प्रीति देवी,पिंकी देवी,अंजली, नीशू,स्वेता,दीपिका, सत्यनारायण आदि उपस्थित रहे।



## संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

### कुशीनगर के कसया थाना क्षेत्र का मामला


कुशीनगर। कसया थाना अंतर्गत मैनपुर टोला रजवाबर के कुशवाहा टोला में एक नवविवाहिता की संदिग्धावस्था में फांसी लगा लेने से मौत हो गई। सुचना के एक घंटे बाद पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्यनारायन कुशवाहा की पांचवे नंबर की बहू दुर्गा देवी पत्नी बबलू कुशवाहा उम्र 23वर्ष वृहस्पतिवार की रात्रि में अपने कमरे के कुंडी मे फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। लड़की के पिता नथुनी कुशवाहा ने बताया कि सुबह हमारे लडके के मोबाइल नंबर पर किसी ने फोन कर बताया कि आपकी बहन की संदिग्धावस्था में मौत हो गई है। सुचना मिलते ही हमलोग रजवाबर पहुंचकर देखा कि मेरी बेटी फंदे पर लटकी हुई है। जिसपर हम लोगो ने डायल 112 पर फोन कर घटना की जानकारी दिया जिसके दो घंटे बाद पुलिस तथा फोरेंसिक टीम पहुंच कर औपचारिकताओं को पूरा कर लाश उतरवाकर पंचनामा बनवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृत लड़की के भाई और पिता लगा रहे ससुरालियों पर आरोप मृत लड़की के भाई और पिता ने दहेज के लिए पुत्री की हत्या का आरोप मृत लड़की के ससुराल वालो पर लगा रहे है। उनका कहना है की शादी के बाद से ही लड़के वालो ने मेरी बेटी को परेशान करने लगे थे। लड़का कहता था की मेरे पसंद की लड़की नही है। परिवार वाले दहेज के लिए हमेशा परेशान करते थे।





## एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में फायरिंग लीडरशिप कांउटर टेररिज्म की दी गई जानकारी

कुशीनगर। महात्मा गाँधी इण्टर कॉलेज सखवनियां के प्रांगण में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संख्या – 154 के पांचवें दिन लेफिटनेंट एएनओ नन्दलाल पाल के द्वारा सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए फायरिंग प्रैक्टिस कराया गया तत्पश्चात लीडरशिप कांउटर टेररिज्म के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इस दौरान कैम्प कमांडेंट कर्नल जयंत चट्टोपाध्याय, डिप्टी कैम्प कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल वानामाला कृष्णा, रिसालदार मेजर हरपाल सिंह, सूबेदार संजय कुमार हुड्डा, नायब सूबेदार त्रिलोक सिंह, हवलदार राजकुमार श्रेष्ठ, कुलदीप सिंह, दीपक कुमार श्रेष्ठ, छब्ब बहादुर थापा, जगत सिंह, भुवन चन्द्र गौला, थिनलेस दुर्जे, सर्वजीत सिंह व एनसीसी सहयोगी अधिकारी एएनओ ले० वेदप्रकाश मिश्रा, ले० राजीव यादव, ले० बृजेश कुमार सिंह, ले० नन्दलाल पाल, थर्ड ऑफिसर मनोज कुमार व सिविल स्टॉफ सीनियर क्लर्क मोहम्मद असरफ राईन, अशोक कुमार, राजेश कुमार, धन्नजय सिंह, लल्लन सिंह आदि उपस्थित रहें ।





# भारत में श्रम बाजार सूचक बेहतर हुए

## अर्थव्यवस्था के करीब सात फीसदी के दर से बढ़ने का अनुमान

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पूर्वानुमान है कि यह साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी और 2025 में यह विकास दर 6.6 प्रतिशत रहेगी।' संयुक्त राष्ट्र ने भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर के पूर्वानुमान में संशोधन करते हुए बताया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था साल 2024 में करीब 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि मजबूत सार्वजनिक निवेश और लचीले निजी उपभोग के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी बनी रहेगी। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को '2024 के मध्य तक विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाओं' पर रिपोर्ट जारी की। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए पूर्वानुमान है कि यह साल 2024 में 6.9 फीसदी की विकास दर से बढ़ेगी और 2025 में यह विकास दर 6.6 प्रतिशत रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि बाहरी मांग में कमी के चलते निर्यात दर कम रह सकती है, लेकिन फार्मास्यूटिकल और केमिकल निर्यात में तेजी की उम्मीद है।' संयुक्त राष्ट्र ने इससे पहले जनवरी में अपने पूर्वानुमान में साल 2024 के लिए भारत की विकास दर 6.2 बताई थी, लेकिन अब इसमें संशोधन करके 6.9 प्रतिशत कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग और मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर में भी मजबूत विकास का भारत को फायदा मिला है। हालांकि 2025 के लिए संयुक्त राष्ट्र ने अपने पूर्वानुमान में कोई बदलाव नहीं किया है। जनवरी में भी संयुक्त राष्ट्र ने 2025 में भारत की विकास दर 6.6 प्रतिशत आंकी थी और अब भी यही आंकड़ा पेश किया है। श्रम बाजार संकेतकों में हुआ सुधार संयुक्त राष्ट्र की संशोधित रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में कमी आई है और 2023 में जहां ये 5.6 प्रतिशत थी, वो 2024 में घटकर 4.5 प्रतिशत हो गई है। यह रिजर्व बैंक की दो से छह प्रतिशत की लक्ष्य सीमा के भीतर है। अन्य दक्षिण एशियाई देशों में भी मुद्रास्फीति में इस साल बीते साल के मुकाबले गिरावट आने की उम्मीद है।



## छेत्री की कमी तो खलेगी, पर सही फैसला, थापा बोले- भारतीय फुटबॉल में एक युग का समापन

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय फुटबॉलर श्याम थापा ने कहा कि देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। देश को सुनील छेत्री की कमी तो खलेगी। क्योंकि छेत्री ने देश के लिए



बहुत लंबा समय दिया। एक युग का समापन होगा। जब-जब भारतीय फुटबॉलर के लिए मैदान में उतरेंगे, लोग कहीं न कहीं छेत्री को तलाशेंगे। बेहतरीन खिलाड़ी जब रिटायरमेंट की बात कहता है तो खेल प्रेमियों में निराशा तो होती है। पर उन्होंने सही समय पर सही फैसला लिया है। यह कहना है कि बाईसाइकिल किक के नाम से मशहूर देश के पूर्व फुटबॉलर श्याम थापा का। बकौल थापा, सुनील छेत्री ने देश के फुटबॉल को नए मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने अधिकतर गोल, पेनाल्टी या हेड से किए हैं। पेनॉल्टी को गोल में बदलने का मतलब है कि आप पर दबाव रहता है। उन्होंने हमेशा दबाव में टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व किया। उत्तराधिकारी की रेस में हैं कई खिलाड़ी थापा कहते हैं, जब एक नायक स्थान छोड़ता है तो यह सवाल स्वाभाविक है कि अगला कौन। सुनील के रिटायरमेंट के बाद यह सवाल सबके मन में है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा। देश में कई क्लब हैं और कई खिलाड़ी अच्छा खेल रहे हैं। अभी यह कहना कि उत्तराधिकारी कौन होगा, थोड़ी जल्दबाजी होगी। समय के साथ खिलाड़ी परिपक्व होते हैं, कई खिलाड़ी उनके उत्ताराधिकारी बनने की रेस में हैं।

## शेयर बाजार में कमजोर शुरूआत; सेंसेक्स 151 अंक टूटा, निफ्टी 22350 के पार


**नई दिल्ली।** सुबह 9 बजकर 37 मिनट पर सेंसेक्स 151.06 (0.20%) अंक टूटकर 73,512.66 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 38.65 (0.17%) अंक फिसलकर 22,365.20 पर पहुंच गया। शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी




करोबारी दिन कमजोरी दिख रही है। बाजार में बिकवाली हावी है। सुबह 9 बजकर 37 मिनट पर सेंसेक्स 151.06 (0.20%) अंक टूटकर 73,512.66 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 38.65 (0.17%) अंक फिसलकर 22,365.20 पर पहुंच गया। शुक्रवार के कारोबारी सत्र में बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों का हाल इससे पहले अमेरिकी बाजार में रिकॉर्ड ऊंचाई के बाद मुनाफावसूली दिखी। डाउ जोंस पहली बार इंट्राडे में 40 हजार के पार निकल। वहीं, 200 अंक की रेंज में कारोबार करते हुए 40 अंक टूटकर बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 और नैस्डेक पर भी कमजोरी दिखी। स्मॉलकैप इंडेक्स रसल भी 2000 (0.6%) अंक फिसल गया। गुरुवार को भारतीयों बाजारों में भी हल्की गिरावट दिखी थी।

## स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम ने तीन अधिकारियों के खिलाफ दर्ज कराया केस, 69 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप

**नई दिल्ली।** बैंक ने प्राथमिकी में धन के गबन के लिए तीन अधिकारियों दोरजी शेरिंग लेप्चा, महाप्रबंधक (संचालन), त्सेवांग दोरजी लेप्चा, सहायक प्रबंधक (आईटी) और तिलक राय, वरिष्ठ




लेखा सहायक पर आरोप लगाए हैं। स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम ने 69 करोड़ रुपये के गबन के आरोप में बैंक के तीन अधिकारियों के खिलाफ अपराध जांच विभाग (सीआईडी) में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बैंक ने प्राथमिकी में धन के गबन के लिए तीन अधिकारियों दोरजी शेरिंग लेप्चा, महाप्रबंधक (संचालन), त्सेवांग दोरजी लेप्चा, सहायक प्रबंधक (आईटी) और तिलक राय, वरिष्ठ लेखा सहायक पर आरोप लगाए हैं। 14 मई को दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि तीनों अधिकारियों ने सरकारी अधिकारियों के नाम पर विभिन्न सावधि जमा खाते खोले और शेष बैंक धन को विभिन्न चल व अचल संपत्तियों में निवेश किया। बैंक ने सीआईडी से चल (बैंक खातों, एफडी, शेयर, म्यूचुअल फंड) और अचल संपत्तियों सहित सभी संपत्तियों को तुरंत फ्रीज करने का अनुरोध किया है जो उनके व्यक्तिगत नाम के साथ-साथ उनके परिवार के निकटतम सदस्यों के नाम पर दर्ज हैं। स्टेट बैंक ऑफ सिक्किम सिक्किम सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है। सीआईडी ने कहा कि मामला दर्ज कर लिया गया है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।

# कैटरीना ने दिखाई विक्की के बर्थडे की झलक, फैंस को हुआ अंदेशा, कहीं दो से तीन तो नहीं होने वाले!




कल यानि 16 मई को बॉलीवुड सुपर स्टार विक्की कौशल ने अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके फैंस से लेकर तमाम बॉलीवुड के सितारों ने भी उन्हें बर्थडे विश किया। वहीं विक्की के फैंस लगातार इस इंतजार में थे कि उन्हें उनकी खूबसूरत पत्नी कैटरीना कैफ किस अंदाज में बर्थडे विश करेंगी। साथ ही साथ फैंस विक्की के बर्थडे सेलिब्रेशन की झलक भी देखना चाहते थे। आज कैटरीना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से विक्की को जन्मदिन विश किया है। कैटरीना का वह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आइए आपको बताते हैं उस पोस्ट में आखिर क्या खास है--- कैटरीना कैफ और विक्की कौशल की जोड़ी के लाखों लोग दीवाने हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो कैटरीना कैफ और विक्की इन दिनों लंदन में छुट्टियां मना रहे हैं। आज कैटरीना ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल से अपने लंदन वेकेशन की कुछ तस्वीरों को साझा करते हुए पति विक्की को जन्मदिन भी विश किया है। कैटरीना कैफ ने जो पहली फोटो साझा की है उसमें में विक्की कौशल सफेद टी-शर्ट में बड़ी दाढ़ी के साथ खिड़की के सामने बैठे नजर आ रहे हैं। विक्की के चेहरे से खुशी साफ झलक रही है। वहीं दूसरी फोटो विक्की हाथ में कप थामे बाहर खिड़की से बाहर देख रहे हैं। सूत्रों की मानें तो कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल के जन्मदिन को खास बनाने के लिए एक कोजी से रेस्टुरेंट का चुनाव किया। साथ ही साथ उन्होंने जो तीसरी तस्वीर साझा की है उसमें एक छोटी सी पेस्ट्री दिख रही है। विक्की इस तस्वीर में जोर से हंसते नजर आ रहे हैं। कैटरीना कैफ की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। कैटरीना कैफ ने इन तस्वीरों को तीन हार्ट और तीन केक वाले इमोजी संग साझा किया है। अब कैटरीना और विक्की के फैंस कयास लगा रहे हैं कि कहीं दोनों सितारे माता-पिता तो नहीं बनने जा रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'तीन दिल यानी कैटरीना और विक्की अब दो से तीन होने जा रहे हैं'।

# लालच के चक्कर में फंसे विक्रांत मैसी और मौनी रॉय, इस दिन रिलीज होगी फिल्म ब्लैकआउट



विक्रांत मैसी की आगामी फिल्म ब्लैकआउट का पहला पोस्टर रिलीज हो चुका है। पोस्टर के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। इस फिल्म में 12वीं फेल अभिनेता मुख्य भूमिका निभाएंगे। अभिनेता विक्रांत मैसी एक और फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं। लंबे समय से प्रशंसक उनकी नई फिल्म का इंतजार कर रहे थे। 16 मई को आगामी थ्रिलर ड्रामा फिल्म ब्लैकआउट के निर्माताओं ने फिल्म के पहले पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया। आगामी फिल्म में विक्रांत मैसी और मौनी रॉय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस महीने रिलीज होगी ब्लैकआउट निमार्ताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर साझा किया, जिसमें फिल्म के कलाकार विक्रांत मैसी, मौनी रॉय, सुनील ग्रोवर और अन्य दिख रहे हैं। निमार्ताओं ने पहले पोस्टर के साथ-साथ इसके रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी। मुश्किल में दिख रहे सभी किरदार निमार्ताओं द्वारा साझा किए गए पोस्टर में विक्रांत और मौनी काफी हैरान दिखाई दे रहे हैं। वहीं, सुनील ग्रोवर ने हाथ में फावड़ा है और वह मुस्कुरा रहे हैं। दूसरी ओर सौरभ और करण लाल रंग की कार के अंदर बैठे बहुत ही ज्यादा हैरान दिख रहे हैं। विक्रांत के चारो ओर सोना बिखरा पड़ा है। पोस्टर साझा करते हुए प्रोडक्शन ने कैप्शन दिया, ह्यइस कहानी के सभी पात्रों की लाइफ की लग चुकी है। विस्तार से जानने के लिए इंतजार करें और देखें। स्ट्रीमिंग 7 जून को जियो सिनेमा पर होगी। विक्रांत मैसी की आगामी परियोजनाएं विक्रांत मैसी के आगामी परियोजनाओं की बात करें तो वह ह्यद साबरमती रिपोर्टह्ण पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ राशि खन्ना भी हैं। वहीं, मौनी राय की बात की जाए तो अभिनेत्री को हाल ही में इमरान हाशमी के साथ वेब सीरीज ह्यशोटाइमह्ण में देखा गया था। जबकि, सुनील ग्रोवर हाल ही में शाहरुख खान स्टारर जवान में नजर आए थे।



# 'यूईएफए यूरो 2024' की कैंपेन फिल्म में कार्तिक ने डाला एंटरटेनमेंट का तड़का, एलियन बने आए नजर

साल के सबसे बड़े फुटबॉल महोत्सव, 'यूईएफए यूरो 2024' का आगाज अगले महीने से होने जा रहा है। इससे पहले सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने जोर-शोर से प्रचार शुरू कर दिया है। इस कड़ी में ब्लॉकबस्टर कैंपेन 'यूनिवर्स का सबसे बड़ा फुटबॉल फेस्टिवल ऑफ 2024' लॉन्च किया है। इस कैंपेन फिल्म में फुटबॉल के लिए उनके ब्रांड एंबेसडर अभिनेता कार्तिक आर्यन नजर आए हैं। यह कैंपेन फिल्म काफी मजेदार है। कैंपेन फिल्म में कमाल के विजुअल इफैक्ट्स हैं। इसे देखने के बाद यूईएफए यूरो 2024 के प्रति लोगों का उत्साह बढ़ जाएगा। दुनिया के सबसे बड़े फुटबॉल इवेंट में क्या खास होगा, इसकी झलक इसमें दिखाई गई है। इस कैंपेन में कार्तिक आर्यन पहली बार एक एलियन के अवतार में नजर आए हैं, जो अंतरिक्ष में रहते हुए धरती पर चल रहे उत्सवों से प्रभावित होकर फुटबॉल के इस आयोजन में शामिल होने आते हैं। कैंपेन फिल्म में देखा जा सकता है कि कार्तिक एलियन के रूप में 'प्लैनेट के' पर तपस्या कर रहे हैं। अचानक फुटबॉल मैच का शोर उनके कानों में पड़ता है। उनकी तंद्रा भंग होती है तो सवाल करते हैं, 'प्लैनेट के की शांति कौन भंग कर रहा है'? खोजबीन करने पर जवाब मिलता है, 'यह शोर तो किसी दूसरी गैलेक्सी से आ रहा है। प्लैनेट अर्थ से'। कार्तिक कहते हैं, 'यह तो फेस्टिवल लग रहा है। यह तो बड़ा भव्य है। चलें'? इसके बाद वे धरती पर फुटबॉल के आयोजन में शामिल होने आते हैं। धरती पर आने के बाद उनकी मुलाकात अपने हमशक्ल से होती है। कार्तिक आर्यन इसमें डबल रोल में हैं। इसके बाद कार्तिक कहते हैं, 'सोनी स्पोर्ट्स होस्ट कर रहा है, फुटबॉल का सबसे बड़ा फेस्टिवल। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर यह 14 जून से शुरू हो रहा है। हम तो आ रहे हैं और आप'? वर्क फ्रंट की बात करें तो कार्तिक आर्यन फिल्म 'चंदू चैंपियन' में नजर आएंगे। यह फिल्म 14 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। बीते दिनों इस फिल्म से कार्तिक के दो नए पोस्टर जारी हुए। इनमें अभिनेता का बॉडी ट्रांसफॉर्मेशन देखकर फैंस हैरान हैं। इस फिल्म में कार्तिक रेसलर की भूमिका में नजर आएंगे।

# सारा खान सवाल एवं जवाब : अहसास

सवाल 1. आपका शो 'अहसास' जिंदगी के माध्यम से भारतीय दर्शकों के लिये अब उपलब्ध होने जा रहा है, इसे लेकर आप कितनी उत्घ्साहित हैं? कोई संदेश, जो आप भारतीय दर्शकों को देना चाहेंगी?




मैं बहुत खुश हूं कि भारतीय दर्शक अब मेरा शो 'अहसास' देख पायेंगे। मैं पाकिस्घ्तानी कंटेंट को अपने टीवी पर दिखाने के लिये 'जिंदगी' की दिल से आभारी हूं। 'अहसास' एक खूबसूरत लेकिन पेचीदा प्रेम कहानी है, जिसमें कई मोड़ होंगे, जो शो को मजेदार एवं प्रासंगिक बनाते हैं। मुझे उम्घ्मीद है कि इमोशन्घ्स, कहानियां और मेरे किरदार हिना का सफर दर्शकों के साथ गहराई से जुड़ाव बनायेगा।

सवाल 2. "अब्दुल्लापुर का देवदास" हाल ही में रिलीज हुआ था। उसे दर्शकों से मिले प्घ्यार और असीम सफलता को आप निजी तौर पर कैसे देखती हैं?

'अब्दुल्लापुर का देवदास' की मेरे दिल में एक खास जगह है। मैं दुनियाभर में मौजूद अपने प्रशंसकों की आभारी हूँ, जिन्घ्होंने गुलबानो को इतना प्यार दिया है। इस साल का वह बड़ा ही अपेक्षित शो बन गया। लोगों पर उसके असर को देखना सचमुच दिल को सुकून देता है। मुझे अपनी सबसे अच्छी कोशिश करने और ऐसी कहानियों में काम करते रहने का प्रोत्घ्साहन मिला है। उन सभी का शुक्रिया, जिन्घ्होंने इसे पसंद किया।

सवाल 3.शो में अपनी भूमिका के लिये आपने क्घ्या–क्घ्या तैयारियाँ की थीं? 'अहसास' में अपने साथी कलाकारों से मिले अनुभव के बारे में बताइये? उनमें से आपको कौन पसंद है?

अहसास के सेट पर बहुत मजा आया और सीखने को भी मिला। मैं हिना की भूमिका निभा रही थी, जिसने एक बूढ़े विधुर (नौमान इजाज़) से शादी की। मैं ऐसे बच्घ्चों की माँ बनी थी, जिनकी उम्र मेरे जितनी थी। इस शो में नौमान इजाज़ जी के अलावा वहाज अली, घाना अली और निदा मुमताज जी भी थे। नौमान इजाज़ जी के साथ यह मेरा पहला प्रोजेक्घ्ट था और निजी तौर पर मैं उनके काम को बहुत पसंद करती हूँ। वह बेहतरीन अभिनेता हैं। इतना ही नहीं, हर किसी का अपना जोश और प्रतिभा सामने आई और सेट पर मिल–जुलकर काम करने का एक सहज माहौल बन गया। उनमें से किसी एक को पसंद करना पाना सचमुच एक चुनौती होगी, क्घ्योंकि हर किसी के पास अनोखापन और सिखाने का अनुभव था। मेरी खुशकिस्घ्मत है कि मुझे ऐसे प्रतिभावान लोगों के साथ काम करने का मौका मिला, जिन्घ्होंने मेरे पेशेवर सफर में चार चांद लगाये और पर्दे के पीछे मेरे बेहद खास दोस्घ्त भी बन गये।

सवाल 4. क्घ्या आप शो में अपनी भूमिका के बारे में हमें कुछ बता सकती हैं?

मैं 'अहसास' में हिना का किरदार निभा रही हूं। वह एक यंग लोअर–मिडल क्घ्लास वूमन है और परिवार में एकमात्र कमाने वाली है। उसके कंधों पर अपने प्रियजनों की जरूरतों को पूरा करने की जिम्घ्मेदारी है। उसकी शादी आदिल नाम के एक उम्रदराज पुरूष से हुई है, जिसे नौमान इजाज़ ने निभाया है। आदिल की पत्घ्नी की अभी–अभी मौत हुई है। आदिल (नौमान जी) के साथ हिना की यात्रा उम्र या परिस्थिति से नहीं बल्कि उनके रिश्ते की गहराई से परिभाषित होती है। गलतफहमियों, सामाजिक आलोचना, पारिवारिक अस्वीकृति और रास्ते में आने वाली चुनौतियों के बावजूद, हिना विपरीत परिस्थितियों में लचीलापन दिखाती हैं। अपनी यात्रा के दौरान, हिना दृढ़ता, करुणा और अडिग ईमानदारी का प्रतीक बनकर अपने आसपास के लोगों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ती हैं। यह साबित करती हैं कि प्रेम और दया विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं।

# 39 साल की हुई नुसरत भरूचा, टीवी से शुरू किया था करियर, आज हैं बॉलीवुड की हीरोइन



बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा आज अपना 39वां जन्मदिन मना रही हैं। अभिनेत्री के जन्मदिन पर जानिए उनके टीवी से लेकर बॉलीवुड तक के सफर के बारे में खास बातें। फिल्म 'प्यार का पंजनामा' से बॉलीवुड में शोहरत हासिल कर चुकी नुसरत भरूचा की गिनती आज अच्छी अभिनेत्रियों की सूची में की जाती है। नुसरत ने अपने करियर की शुरूआत छोटे पर्दे से की थी। नुसरत का जन्म प्रयागराज (इलाहाबाद) में हुआ था। नुसरत आज भले ही फिल्म इंडस्ट्री जाना-पहचाना नाम हों, लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। आइए एक नजर डालते हैं नुसरत के करियर के ऊपर। टीवी सीरियल से की थी करियर की शुरूआत नुसरत ने अपने करियर की शुरूआत टीवी सीरियल से की थी। नुसरत ने साल 2002 में टीवी सीरियल 'किट्टी पार्टी' में काम किया था। वह इस टीवी शो में बस कुछ हफ्तों के लिए नजर आई थीं। इसके बाद नुसरत ने टीवी शो 'सेवन' में काम किया। इस फिल्म से किया था डेब्यू टीवी दुनिया को अलविदा कहकर नुसरत ने अपना रुख बॉलीवुड फिल्मों की तरफ कर लिया। नुसरत ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत 'जय संतोषी मां' फिल्म से की थी। उनकी यह फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी। शुरूआत में उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पाई थीं, लेकिन फिर फिल्म 'प्यार का पंचनामा' ने बदल दी नुसरत की किस्मत। प्यार का पंचनामा से मिली शोहरत साल 2011 में निर्देशक लव रंजन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' में कार्तिक आर्यन के साथ नजर आईं। यह फिल्म उनके करियर की सबसे बड़ी हिट साबित हुई। इस मूवी में उन्होंने अपनी अदाकारी से सभी का दिल जीत लिया। इस फिल्म से नुसरत को बॉलीवुड में खास पहचान मिली। इसके बाद वह 'प्यार का पंचनामा 2' में नजर आई। जो सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद 'सोनू के टीटू की स्वीटी' में नजर आई। नुसरत की इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की।

(हिन्दी दैनिक)
लखनऊ का अभिमान



# सरोजनी नगर नादरगंज पावर हाउस की विद्युत व्यवस्था खराब होने के कारण जनता परेशान

## उत्तर प्रदेश की राजधानी होने के बावजूद विद्युत व्यवस्था चरमराई भीषण गर्मी में जनता का बुरा हाल

जितेन्द्र बहादुर सिंह

लखनऊ। सरोजनी नगर नादर गंज पावर हाउस की ख़स्ता हाल व्यवस्था से जनता में काफी नाराजगी है ,न्यू गड़ौरा मानसरोवर योजना सेक्टर ओ सहित आसपास पास के कई महत्वपूर्ण एरिया में बिजली का जाना आम बात हो गयी है ,1912 पर शिकायत दर्ज करवाने पर भी कोई कार्रवाई नही होती न ही कोई संतोषजनक जवाब मिलता है ,1912 पर पावर हाउस की कमी की कोई अपडेट नही मिलती यही बता कर शिकायत दर्ज कर काल समाप्त कर दी जाती है ,पावर हाउस के कर्मचारियों और अधिकारियों को अगर काल की जाती है तो जल्दी काल रिसीव नही होती अगर हो भी गयी तो उनके द्वारा एक लम्बा समय बता कर काल समाप्त कर दी जाती हैं ,यदि ज्यादा पूछताछ किया तो कनेक्शन काटने की धमकी भी उपभोक्ताओं को मिल जाती है ,विद्युत विभाग के इस रवैये से जनता में काफी आक्रोश है,भीषण गर्मी में छोटे छोटे एल डी ए के मकानों में बिना बिजली के रहना दूभर हो जाता है ,दिनभर भाग दौड़ भरी जिंदगी से थक कर जब आम आदमी घर पहुँचता है तो आराम से पँखे कूलर ,या ऐसी की हवा में चौन से सोना चाहता है ,लेकिन बिजली की चरमराई व्यवस्था के कारण सोना तो दूर की बात है चौन से जग भी नही पाता ,विद्युत की बढ़ती दरों के बावजूद गरीब व्यक्ति जैसे तैसे बिजली का बिल जमा कर पाता है ,यदि बिल में एक दी भी विलम्भ हुआ तो लाइट काट देंगे ,समय पर भुगतान करने के बावजूद जनता को विद्युत सप्लाई सही से नही मिल पा रही है ,सरोजनी नगर नादर गंज पावर हाउस वाले आदमी की हैसियत औकात के हिसाब से बिजली की टेम्परेरी व्यवस्था चालू करते है, और आम जनता को काम चालू हैं का लाली पॉप दे कर चुप करवा देते है ,ऐसा लगता है ये विद्युत सप्लाई की व्यवस्था ये अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा हराम में जनता को दे रहे हैं ,इस वर्ष भीषण गर्मी में 24 घण्टे बिजली सप्लाई देने में असमर्थ और सबसे खराब व्यवहार करने में अव्वल है नादर गंज पावर हाउस के अधिकारी और कर्मचारी ।।

# आईकू ने उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया आईकू जेड 9 एक्स

## 2024 की पहली तिमाही में सेल्स में रहा था अग्रणी राज्य,आईकू स्मार्टफोन की बिक्री का 10 प्रतिशत सिर्फ उत्तर प्रदेश से, 2024 की पहली तिमाही में यह राज्य आईकू की बिक्री वृद्धि में सबसे अधिक योगदान करने वालों में से एक,पिछले 18 महीनों में आईकू जेड सीरीज उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक बिकने वाली सीरीज में से एक रही है, जिससे यूपी भारत के टॉप 3 राज्यों में हुआ शामिल

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए, हाई–परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज लखनऊ में अपना बिल्कुल नया फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन – पफर्व्‍9• पेश किया। ब्रांड की राज्य में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है, पिछले एक वर्ष में 12: की वृद्धि और पहली तिमाही 2024 में लगातार आईकू की कुल बिक्री में 10: का योगदान हुआ है, जो अलग अलग प्राइस रेंज में इनोवेशन के प्रति हमारी अथक प्रतिबद्धता को दर्शाता करता है। आईकू ̔ सीरीज़ ने लगातार उत्तर प्रदेश में प्यार और सराहना हासिल की है और पिछले 18 महीनों से यूपी में सबसे अधिक बिकने वाली सीरीज़ में से एक है, जो भारत के शीर्ष तीन राज्यों में शुमार है। अपनी उपस्थिति को और बढ़ाते हुए, आईकू ई–स्टोर की बिक्री में यूपी से 14.5: का शानदार योगदान मिला है। ̔ सीरीज की सफलता को देखते हुए, आईकू ने लॉन्च किया है फुल डे, फुली लोडेड स्मार्टफोन उत्तर प्रदेश में यूज़र्स के इस समर्थन पर हर्ष व्यक्त करते हुए, आईकू के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर निपन मार्या ने जोर दिया, ष्उत्तर प्रदेश में यूज़र्स द्वारा दिखाए गए जबरदस्त समर्थन और उत्साह के लिए हम अत्यंत आभारी हैं। राज्य में आईकू की पहली तिमाही 2024 में 12: की उल्लेखनीय वृद्धि, परफॉरमेंस पसंद करने वाले हमारे यूज़र्स के लिए तैयार किए गए सेगमेंट–लीडिंग डिवाइस को डिस्ट्रीब्यूट करने की हमारी प्रतिबद्धता का एक प्रमाण




है। हमारा पोर्टफोलियो, जिसमें फ्लैगशिप आईकू 12, नियो 9 प्रो, जेड 9 और अब जेड 9 एक्स शामिल हैं, विभिन्न प्राइस पॉइंट पर प्रीमियम स्मार्टफोन एक्सपीरियंस देता है, जिससे उपभोक्ताओं की रुचि काफी बढ़ जाती है और भविष्य के लिए विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। हम सभी उपभोक्ताओं के लिए प्राइस रेंज में सर्वोत्तम इनोवेशन को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ष्आईकू की श्मेक इन इंडियाश पहल के तहत पफर्व्‍9• का निर्माण विवो की ग्रेटर नॉएडा फैसिलिटी में किया जाएगा। अपने ग्राहकों हैसल फ्री आफ्टर सेल सर्विस के लिए, आईकू ग्राहक अब कंपनी के 670+ से अधिक सर्विस सेंटरो में से किसी पर भी जा सकते हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में 73 सेंटर शामिल हैं। फुल डे फुली लोडेड बैट्री आईकू जेड 9 एक्स अपने सेगमेंट में सबसे स्लिमेस्ट स्मार्टफोनों में से एक है, जिसमें 6000उ।ी की अल्ट्रा–थिन ग्रेफाइट बैटरी है। इस पावरहाउस में एक बार चार्ज करने पर दो दिनों की बैटरी का उपयोग किया जा सकता है। यह 44ॅ फ्लैशचार्ज के साथ आता है जो केवल 37 मिनट में डिवाइस को 50: तक चार्ज कर देता है। चाहे आप वीडियो स्ट्रीम कर रहे हों, गेम खेल रहे हों या सोशल मीडिया स्क्रॉल कर रहे हों, आईकू जेड 9 एक्स आपके लिए उपयुक्त है – केवल 30 मिनट का चार्ज आपको 10 घंटे की बिंज–वॉचिंग प्रदान करेगा। इसके अलावा, अल्ट्रा बैटरी सेवर मोड और एंटी–एजिंग चार्जिंग एल्गोरिथम के साथ, आप बैटरी एफिशिएंसी से लंबे समय तक उपयोग कर सकते हैं, जो आपको पूरे दिन फिक्र से मुक्त करता है। इसके अलावा, आईकू जेड 9 एक्स में 6.72 इंच का अल्ट्रा ब्राइट डिस्प्ले है जिसमें कम ब्लू लाइट एमिशन के लिए ज्न्ट सर्टिफिकेट और 1000 निट्स की ग्लोबल पीक ब्राइटनेस है, जो अलग अलग लाइटिंग कंडीशन में क्लियर विजिबिलिटी देती है। डिस्प्ले अपने 120भ्र रिफ्रेश रेट और 7–लेवल एडाप्टिव रिफ्रेश रेट के साथ आपके देखने के अनुभव को और बढ़ाता है, जो विजुअल फ्लूडिटी को बनाए रखते हुए बिजली की खपत को कम करता है। इसमें 3.5 मिमी का ऑडियो जैक और डुअल स्टीरियो स्पीकर हैं, जो स्पष्ट और रियलिस्टिक साउंड इफेक्ट प्रदान करते हैं जो आपके सेंसेज को अधिकतम 300: वॉल्यूम के साथ आकर्षित करते हैं, जो डिस्टर्शन को काफी कम करते हुए हाई वॉल्यूम प्रदान करते हैं। यह सीमलेस गेमिंग एक्सपीरियंस के लिए तैयार किया गया है, इसमें सीमलेस गेमप्ले के लिए सुपर गेम मोड और छह मोशन कंट्रोल ऑप्शन और कोरेस्पोंडिंग इलस्ट्रेशन के साथ मोशन कंट्रोल शामिल है। इमर्सन को और बढ़ाते हुए, 4क गेम वाइब्रेशन ठळडप्, कॉल ऑफ ड्यूटी और जेनशिन इम्पैक्ट जैसे सपोर्टेड टाइटल्स में गेमप्ले को बेहतर बनाता है। आईकू परिवार के लेटेस्ट प्रीमियम डिज़ाइन और एक आकर्षक रियर कैमरा मॉड्यूल वाला यह फोन आसानी से लाइट और शैडो दोनों का कॉम्प्लीमेंट है, और इसका स्टाइलिश स्टीमलाइन्ड फ्लैट फ्रेम बेहतर पोर्टेबिलिटी और कंफर्टेबल हैंडलिंग देता है। पीछे सनबर्स्ट टेक्सचर और केवल 7.99 मिमी मोटी स्लीक प्रोफ़ाइल के साथ एन्हांस किया गया, यह एलिगेंस और कंफर्ट का एक बेहतरीन मिक्सचर है। विशेष रूप से, यह अमेज़न पर अपने सेगमेंट में एकमात्र डिवाइस है, जिसमें सेगमेंट में प्च्64 डस्ट एंड वॉटर रेजिस्टेंस रेटिंग सर्वश्रेष्ठ है, जो किसी भी दिशा से धूल के प्रवेश और पानी के छींटों से पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। आईकू जेड 9 एक्स पर फनटच ओएस 14 के साथ सहज मल्टीटास्किंग और इनहैंस्ड प्राइवेसी फीचर्स का अनुभव लें। ऐप रिअटेनर फीचर के साथ, आपके बैकग्राउंड ऐप्स जल्दी से अपनी पिछली स्थिति में वापस आ जाएंगे, जिससे सीमलेस यूज मिलेगा। इसके अलावा, स्प्लिट–स्क्रीन और छोटी विंडो ओवरलेइंग के साथ सहज मल्टीटास्किंग का आनंद लें, जिससे आप एक प्रो की तरह कई कार्यों को एक साथ कर सकें। बआईकू की मेक इन इंडियाश के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, आईकू जेड 9 एक्स का निर्माण वीवो की ग्रेटर नोएडा फैसिलिटी में किया जाएगा। अपने ग्राहकों हैसल फ्री आफ्टर सेल सर्विस एक्सपीरियंस देने के लिए, आईकू ग्राहक अब देश भर में कंपनी के 670+ सर्विस सेंटर में से किसी पर भी जा सकते हैं।

# बुजुर्गों की याद में द एमएसजी फाउंडेशन ने लगाया मुफ्त मेडिकल कैंप

## सैकड़ों जरूरतमंदो ने कराई अपनी जांचे, मरीजों को मिली निःशुल्क दवाएं







लखनऊ।पुराने लखनऊ स्थित दरगाह हज़रत अब्बास में द एमएसजी फाउंडेशन की तरफ से बुजुर्गो की याद में निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया।इस हेल्थ कैंप का सैकड़ों लोगो ने लाभ उठाया।इस मेडिकल कैंप में मरीजों को मुफ्त दवा के साथ–साथ उनका हेल्थ चेकअप भी किया गया।आज के इस मेडिकल कैंप में बतौर मुख्य अतिथि मौलाना अहमद रजा खान (इमामे जुमा चेंनई) बतौर अतिथि मीसम रिजवी (प्रशासनिक दरगाह हज़रत अब्बास अ.स.),अब्दुल वहीद (वरिष्ठ पत्रकार), डॉ. जफर नवाब (एमबीबीएस एमएस ईएनटी)और आरिफ़ मुक़ीम (वरिष्ठ पत्रकार) मौजूद रहे।इन सभी लोगों ने द एमएसजी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।आज के इस मेडिकल कैंप में डॉक्टर टीम में मुख्य रूप से डॉक्टर महक बाक़री, डॉक्टर पर्थ गौर, डॉक्टर शादमा मजीद, डॉक्टर अशरफ, डॉ. अब्दुल कासिम,डॉक्टर सैयद आबिद जैदी, डॉ. मोहम्मद उस्मान मौजूद रहे। द एमएसजी फाउंडेशन की टीम में मुख्य रूप से आरुषि गंगवार,किसा रिजवी, ज़ैन अब्बास खान,इमरान अली अंज़ल रिजवी, कमल महिंद्रा, जव्वाद मिर्जा, और फाउंडेशन के संस्थापक मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।इस अवसर पर तमाम बुजर्ग जो इस दुनिया में नहीं है, उनकी मगफिरत की दुवाएं की गई।

# समाजवादी समाज के हिमायती थे शास्त्री जी

**लखनऊ।** ईमानदारी और सरलता के लिए जाने जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने कांग्रेसियों में एकता न रख पाने के लिए खुद को दोषी मान लिया था। उस समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नेताओं में गहरे मतभेद थे। वे एक दूसरे की जड़ें खोदने में लगे थे। वे समाजवादी समाज के हिमायती थे।चौथी लोकसभा के चुनाव नजदीक थे, आलाकमान जोखिम नहीं लेना चाहता था। मनमुटाव दूर कराने की जिम्मेदारी शास्त्री को सौंपी गई थी। बंगलुरू में आयोजित कांग्रेस महासमिति की बैठक में रखे एकता प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए शास्त्री ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस इकाई में एकता न रख पाने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। उन्होंने पार्टी के लोगों से अपील की थी कि वे मिलजुल कर मतभेद दूर करें। मनमुटाव दूर करना जरूरी है।शास्त्री ने कांग्रेसियों से कहा था कि पार्टी में मतभेद महात्मा गांधी के वक्त भी थे लेकिन इन्हें इतना नहीं बढ़ाना चाहिए कि संगठन को ही नुकसान होने लगे। कहा था कि अगर वे आपसी मनमुटाव हल न कर सकें तो उसे केंद्रीय संसदीय बोर्ड को भेज दें। पार्टी में कलह का संदेश जनता में नहीं जानाचाहिए। कांग्रेस को समाजवादी समाज की स्थापना का लक्ष्य पूरा करना है। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा।

# अवैध निर्माण की चुनौती एलडीए की नीतियों पर प्रश्नचिन्ह

## अवैध निर्माण पर अंकुश लगाने में एलडीए की विफलता

**लखनऊ।** गुडम्बा क्षेत्र में अवैध निर्माण की बढ़ती समस्या ने प्रशासन और एलडीए अधिकारियों की जवाबदेही और नैतिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जोन-5 के आदिल नगर मोड़ पर स्थित परी टॉवर के बगल में इस व्यवसायिक निर्माण पर पिछले वर्ष सीलिंग की कार्रवाई की गई थी, वहाँ अब अवैध निर्माण का काम बिना किसी डर के जारी है। यह स्थिति न केवल एलडीए की निगरानी प्रणाली की अक्षमता को दर्शाती है, बल्कि यह भी स्पष्ट करती है कि प्रशासन और अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह हैं। इस तरह की अनदेखी और लापरवाही ने अवैध निर्माणकताओं को और अधिक बेखौफ बना दिया है, जो खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।विदित हुआ की बिल्डर द्वारा अवैध निर्माण पर सीलिंग तोड़कर कर व्यावसायिक मार्केट तैयार की जा रही है। शिकायतकर्ता इलियास अहमद ने बताया कि 2023 में एलडीए विभाग द्वारा बिल्डिंग को सील गई थी। लेकिन बिल्डर द्वारा तुरंत सील तोड़कर फेंक दी गई और निर्माण युद्ध स्तर पर चल रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि इस बिल्डिंग की रजिस्ट्री 675 वर्गफीट की गई थी। लेकिन प्रभावशाली बिल्डर ने एक हजार वर्गफीट में निर्माण कर दिया है। इस जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है और एलडीए में भी इसकी शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद, बिल्डर ने नीचे के फ्लोर के बाद अब दूसरी मंजिल पर भी निर्माण शुरू कर दिया है। शिकायतकर्ता इलियास अहमद ने इस जमीन को लेकर न्यायालय में वाद दाखिल किया है। लेकिन एलडीए के अधिकारियों ने सीलिंग टूटने के बाद अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की है। इस लापरवाही का फायदा उठाकर बिल्डर ने नीचे के फ्लोर के बाद अब दूसरी मंजिल पर भी निर्माण शुरू कर दिया है। इस घटना ने केवल एलडीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं, बल्कि यह भी दशार्ता है कि कैसे अवैध निर्माण के खिलाफ लड़ाई में न्यायालय के आदेशों की अनदेखी की जा रही है। यह स्थानीय प्रशासन और एलडीए के अधिकारियों की मिलीभगत का भी संकेत देता है। अब समय आ गया है कि एलडीए और स्थानीय प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करें और अवैध निर्माण के खिलाफ कठोर कदम उठाएं। नागरिकों की नजरें उनकी कार्रवाई पर टिकी हुई हैं, और यह देखना होगा कि एलडीए इस चुनौती का सामना कैसे करता है।

# जश्ने इमामे रज़ा (अ.स) 20 मई को कर्बला अजीमुल्ला खा में

संवादाता

लखनऊ।गुजिशता साल की तरह इस साल भी, कर्बला अजीमुल्लाह खा तालकटोरा में।अजीमुल्ला खां मेमोरियल सोसाइटी के त्यवधान में।20 मई को बारोज़ पीर 8बजे शब में।जश्ने इमामे रज़ा अलैहिस्सलाम का आयोजन किया गया है। इस संबंध में सोसायटी के कन्वीनर नवाब आज़म अली खां ने बताया। कि जश्न का आगाज़ तिलावते कलाम पाक से होगा। उसके बाद मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद यासूब अब्बास और मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद मुमताज़ तकरीर करेंगे। तकरीर के फौरन बाद शायर अपने अपने कलाम पेश करेंगे। बाद महफिल नज़रे मौला का भी एहतीमाम किया गया है।

# माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री सांसद कौशल किशोर जी समर्थन में ओ बी सी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण जी ने पण्डित खेड़ा में नुक्कड़ जन सभा की।

लखनऊ 17 मई 2024 रू माननीय केन्द्रीय राज्यमंत्री सांसद कौशल किशोर जी समर्थन में ओ बी सी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण जी ने पंडित खेड़ा में नुक्कड़ जन सभा की। डॉ के लक्ष्मण जी ने 10 साल के कार्यकाल को बताया। धारा 370 का जिक्र किया ,राम मंदिर मुद्दे पर जिक्र किया ,और उज्ज्वला योजना के विषय में बात करते हुए महिलाओं को सम्मान दिया इसके साथ–साथ महिला बिल पास कराया जो महिलाओं को विशेष गौरव महसूस करता है। पंडित खेड़ा क्षेत्र के पार्षद श्रीमती गीता देवी ने बताया कि पूरा परिवार हमारा पंडित खेड़ा है और हम पंडित खेड़ा के विकास के लिए तत्पर सदैव कार्य करते रहेंगे । उन्होंने आज बच्चों को सम्मानित भी किया है जो बच्चे टॉपर की श्रेणी में 95 से ऊपर रहे उनको स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान में नित्यानंद पटेल 95: दिलप्रीत कौर 98: एवं अन्य बच्चों को भी सम्मानित किया है। कार्यक्रम संयोजक श्री संजय गुप्ता उर्फ राजा भैया उपस्थित पार्षद श्रीमती गीता देवी , एडवोकेट अरुण शुक्ला, कृष्ण कुमार तिवारी, लवलेश भाटिया, आशीष पांडेय, अनुज तिवारी ,अनूप तिवारी, महिपाल यादव,सी.एन.शुक्ला ,मंजीत सिंह , विनीत मिश्रा, सत्यनारायण प्रजापति एवम हरिभान सिंह आज उपस्थित रहे।



# सी.एम.एस. शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने जनमानस में जगाया मताधिकार का अलख

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन हजार से अधिक शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष समारोह में लोकसभा



सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन हजार से अधिक शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष समारोह में लोकसभा चुनावों में मताधिकार का संकल्प लिया और जनमानस के बीच मताधिकार का अलख जगाया। उसी का एक दृश्य।

चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करने का संकल्प लिया और बड़े ही जोरदार तरीके से जनमानस के बीच मताधिकार का अलख जगाया। इस समारोह के माध्यम से सी.एम.एस. शिक्षकों व कार्यकर्ताओं ने विद्यालय के 62,000 से अधिक छात्रों के अभिभावकों व अन्य जनमानस को लोकतन्त्र के महापर्व में अधिकाधिक भागीदारी हेतु प्रेरित किया। आगामी 20 मई को लखनऊ में लोकसभा के चुनाव होने है, ऐसे में सी.एम.एस. अधिक से अधिक जनमानस को इस लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में सहभागिता हेतु प्रेरित करने के साथ ही छात्रों व युवा पीढ़ी को मतदान के महत्व से अवगत करा रहा है। इसी कड़ी में सी.एम.एस. के 62,000 छात्रों के अभिभावकों को व्हाट्सएप, फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से मतदान के महत्व से अवगत कराकर अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी ने लखनऊ के प्रबुद्ध जनमानस से अपील की है कि स्वस्थ व शान्तिपूर्ण लोकतन्त्र हेतु बढ़चढ़कर मतदान प्रक्रिया में भाग लें एवं अपने मताधिकार का प्रयोग करें। 18 वर्ष की आयु के प्रत्येक नागरिक को मतदान का अधिकार है। डा. गाँधी ने कहा कि सामाजिक उत्थान व सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रमों में सी.एम.एस. छात्र व शिक्षक सदैव ही अपनी भागीदारी आगे बढ़कर निभाते रहे हैं। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने भी इस लोकतान्त्रिक उत्सव में जनमानस की अधिकाधिक भागीदारी की अपील की है।

लखनऊ
तनवीर अहमद सिद्दीकी /संवाददाता/ व्यवस्थापक मो. 9335011869
अब्दुल रहमान संवाददाता
मो. 9621322008
शकील अहमद, छायाकार
मो. सुमित कुमार नायब
मो. नफीस अहमद, छायाकार
मो. 9026199925
अयोध्या
अयाज़ अहमद , ब्यूरो प्रमुख
9307370400
राकेश सिंह, संवाददाता
मो. 94527 14950
तुफैल अहमद, संवाददाता
मो.91 87360 18347
मो फहीम , संवाददाता/सोहावल
मो. 9919659009
रुदौली
शाहिद सिद्दीकी, संवाददाता/ रुदौली
मो.99 35 123801
फहीम अहमद, संवाददाता /रुदौली
मो.91 99360 01098
विष्णु सिकरवार,ब्यूरो प्रमुख, आगरा
9411650022,9837077711
नदीम अहमद सय्यद
ब्यूरो प्रमुख, गोंडा
7039999099

लखनऊ का अभिमान
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं सम्पादक मो0 सफीर सिद्दीकी द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29 पुराना किला, कैंट रोड, हुसैनगंज लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय न0 6 ग्रैंड मार्केट निकट मेडवेल हॉस्पिटल कैंट रोड लखनऊ उत्तर प्रदेश से से प्रकाशित।

संपादक
मो0 सफीर सिद्दीकी
मो0–9335603148,933663148
0522–4108224
E-mail - lucknowkaabhiman@gmail.com
www.lucknowkaabhiman.com
RNI.NO. UPHIN/2013/55150
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।